सोमवार, 14 अप्रैल 2025

**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 35 – 25 |
| आर्द्रता | 75% |
| सूर्योदय: 5:17 | सूर्यास्त: 17:56 |

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।
www.samagya.in
# समाज्ञा
कोलकाता, वैशाख कृष्णपक्ष प्रतिपदा, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये



समय के साथ कानूनों में बदलाव नहीं होने से 'खत्म' हो गया था सहकारिता आंदोलन : शाह –पृष्ठ 8

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

सुविचार : आपका कार्य जितना अच्छा होगा उतना पहले असंभव ही नजर आएगा।

RED-X
B.W.P. PLY,
BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

# मुर्शिदाबाद हिंसा : डर से भागे सैकड़ों लोग

## नदी पार कर मालदह में ली शरण



**मुर्शिदाबाद/कोलकाता :** मुर्शिदाबाद जिले में फैली हिंसा से डरकर सैकड़ों लोग भागकर पास के मालदह जिले में पहुंच गए हैं। जानकारी के मुताबिक, ये सभी लोग भागीरथी नदी पार कर नावों के जरिए मालदह पहुंचे हैं। जहां प्रशासन ने इन पीड़ित लोगों के लिए स्कूलों में अस्थायी ठहरने और खाने-पीने की व्यवस्था की है। बता दें कि, मुर्शिदाबाद जिले के कई इलाकों जैसे सूती, धूलियन, जंगीपुर और समसेरगंज में वक्फ कानून के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान हिंसा भड़क उठी। यह क्षेत्र मुस्लिम-बहुल है और प्रदर्शन धीरे-धीरे सांप्रदायिक तनाव में बदल गया। वहीं, मालदह प्रशासन की ओर से, पीड़ितों के लिए स्कूलों में ठहरने की व्यवस्था, खाने-पीने की सुविधा, नदी किनारे 20 युवकों की तैनाती, जो नावों से आने वालों की मदद कर रहे हैं। कालीचक तीन के बीडीओ सुकांत सिकदर ने बताया कि शनिवार की दोपहर तक धीरे-धीरे लोग आ रहे थे, लेकिन बाद में संख्या बढ़ी है। बैष्णवनगर की टीएमसी विधायक चंदना सरकार ने कहा कि प्रशासन और स्थानीय लोग मिलकर हर संभव मदद कर रहे हैं। मालदह में एक स्वयंसेवी संगठन के सदस्य ने बताया कि अब तक 40 से 50 नावों में लोग धूलियन, सुईटी और जंगीपुर जैसे इलाकों से आए हैं। इन सभी को कालिचक तीन ब्लॉक के पल्लरपुर गांव में सुरक्षित स्थानों पर रखा गया है। उन्होंने कहा कि यहां वे पूरी तरह सुरक्षित हैं।

### पीड़ितों ने बताई हिंसा की दास्तां

धूलियन के मंदिरपाड़ा इलाके से भागी एक महिला ने बताया कि हमारे घर जला दिए गए। कुछ बाहरी और स्थानीय लोगों ने मिलकर महिलाओं और लड़कियों के साथ दुर्व्यवहार किया, पुरुषों को पीटा गया। हमें कहा गया कि हम इलाके को छोड़ दें। हमारी जान को खतरा था, इसलिए हमने केंद्रीय बलों की मदद से घर छोड़ा। एक बुजुर्ग महिला ने रोते हुए कहा कि हमने हाथ जोड़कर हमलावरों से माफी मांगी, जबकि हमने कुछ गलत नहीं किया था। वे हथियार लहराकर हमारे घरों में घुसे और हमें मारते-पीटते रहे। हम जैसे-तैसे कुछ सामान लेकर नदी पार कर भाग निकले। वरना हम मारे जाते।

### हिंसा के बाद 400 से अधिक हिंदु पलायन करने को हुए मजबूर : शुभेंदु अधिकारी

दूसरी तरफ, रविवार को नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने एक्स पर एक पोस्ट कर बताया कि 400 से अधिक हिंदुओं को मुर्शिदाबाद के धुलियान से भागने, नदी पार करने और स्कूल में शरण लेने के लिए मजबूर होना पड़ा है। उन्होंने हिंदुओं की तस्वीरें और वीडियो भी पोस्ट किए। भाजपा नेता ने कहा कि धार्मिक कट्टरपंथियों के डर से मुर्शिदाबाद के धुलियान में 400 से अधिक हिंदू नदी पार करके मालदा के बैष्णबनगर के देवनापुर-सोवापुर जीपी के पार लालपुर हाई स्कूल में शरण लेने के लिए मजबूर हुए। भाजपा नेता ने कहा कि राज्य में धार्मिक उत्पीड़न वास्तविक है। उन्होंने पोस्ट में आगे लिखा कि टीएमसी की तुष्टिकरण नीतियों ने कट्टरपंथी तत्वों को प्रोत्साहित किया है। हिंदुओं को निशाना बनाया जा रहा है, हमारे लोग अपनी ही जमीन पर अपनी जान बचाने के लिए भाग रहे हैं। कानून-व्यवस्था की इस विफलता के लिए राज्य सरकार को शर्म आनी चाहिए। उन्होंने जिले में तैनात केंद्रीय अर्धसैनिक बलों, राज्य पुलिस और जिला प्रशासन से इन विस्थापित हिंदुओं की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने और उनके जीवन की रक्षा करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि बंगाल जल रहा है। सामाजिक ताना-बाना टूट चुका है। अब बहुत हो चुका।



मुर्शिदाबाद में शनिवार की हिंसा के बाद टूटी-फूटी दुकानें और घरों का दृश्य

## वक्फ कानून को लेकर हुए बवाल पर पुलिस सख्त, अब तक 150 से ज्यादा पर शिकंजा

### ■ डीजी, बीएसएफ के डीआईजी सहित 23 वरीय पुलिस अधिकारी व भारी बल तेंनात

मुर्शिदाबाद जिले में वक्फ (संशोधन) अधिनियम को लेकर हुए हिंसक विरोध प्रदर्शन के सिलसिले में 12 और लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने रविवार को बताया कि मुस्लिम बहुल जिले में कहीं से भी हिंसा की कोई नई घटना सामने नहीं आई है। सुरक्षा बल कड़ी निगरानी रख रहे हैं। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि जिले के सुती, धुलियान, समसेरगंज और जंगीपुर इलाकों में स्थिति शांतिपूर्ण है। दोषियों को ढूंढ निकालने के लिए रात भर छापेमारी की गई। इस दौरान 12 और लोगों को गिरफ्तार किया गया। इसके साथ ही अब तक 150 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि हिंसा प्रभावित इलाकों में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है और इंटरनेट बंद कर दिया गया है। सुरक्षा बल मुख्य सड़कों पर वाहनों की जांच कर रहे हैं। संवेदनशील इलाकों में गश्त की जा रही है। अधिकारी ने कहा कि हिंसा की घटनाओं की जांच चल रही है और गिरफ्तारियां होने की संभावना है। राज्य के विभिन्न जिलों में विभिन्न पदों पर कार्यरत 23 पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को चार दिनों की 'विशेष ड्यूटी' पर जंगीपुर पुलिस जिले में बुलाया गया है। उन्हें रविवार की सुबह शमशेरगंज थाने में रिपोर्ट करने को कहा गया है। इस संबंध में शनिवार को राज्य के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक कानून एवं व्यवस्था द्वारा अधिसूचना जारी की गई थी।



मुर्शिदाबाद के हिंसक माहौल में बीएसएफ से मदद मांगता एक आम नागरिक

### धुलियान में बीएसएफ जवानों पर फायरिंग, दो बच्चे घायल

प्रशासन द्वारा हिंसाग्रस्त इलाकों में शांति कायम करने की कोशिशों के बीच रविवार की सुबह जिले के धुलियान इलाके में उपद्रवियों द्वारा फिर फायरिंग की खबर है। बताया जा रहा है बीएसएफ टीम को निशाना बनाकर फायरिंग की गई। इसमें दो बच्चों के घायल होने की खबर है। हिंसाग्रस्त अन्य इलाकों से किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं है। बीएसएफ के दक्षिण बंगाल फ्रंटियर के महानिरीक्षक (आईजी) करनी सिंह शेखावत भी हिंसा प्रभावित मुर्शिदाबाद के दौरे पर हैं। उन्होंने हिंसाग्रस्त इलाकों में बीएसएफ की तैनाती का जायजा लिया।

### राज्य के डीजीपी ने स्थिति का लिया जायजा, स्थिति नियंत्रित का किया दावा

दूसरी तरफ, राज्य के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) राजीव कुमार भी शनिवार की रात से मुर्शिदाबाद के हिंसा प्रभावित क्षेत्रों के दौरे पर हैं। शांति बहाली के लिए डीजीपी जिले के पुलिस अधिकारियों के साथ लगातार बैठकें कर रहे हैं। उन्होंने खुद कुछ हिंसा प्रभावित क्षेत्रों में घूमकर स्थिति का जायजा लिया है। शनिवार को उन्होंने सख्त संदेश देते हुए कहा था कि किसी भी तरह की हिंसा व गुंडागर्दी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कोई भी व्यक्ति सड़क पर उतरकर कानून अपने हाथ में न लें।

### मुर्शिदाबाद में कई और जगहों पर इंटरनेट बंद, बीरभूम और मालदह जिले का कुछ हिस्सा भी शामिल

मुर्शिदाबाद में कई और जगहों पर इंटरनेट बंद किया गया है। इसमें बीरभूम और मालदह जिले का कुछ हिस्सा जोड़ा गया है। मिली जानकारी के मुताबिक, अफवाहों को फैलने से रोकने के लिए ये कदम उठाया गया है। मुर्शिदाबाद के साथ-साथ मालदा और बीरभूम में भी कुछ जगहों पर इंटरनेट सेवाएं बंद रहेंगी। इन इलाकों में रविवार से मंगलवार की रात 10 बजे तक इंटरनेट सेवाएं बंद रहेंगी। इंटरनेट सेवाएं बंद होने के बावजूद फोन कॉल किए जा सकेंगे और एसएमएस भेजे जा सकेंगे। दरअसल मालदा और बीरभूम में इंटरनेट सेवाएं बंद करने का कारण यह बताया गया है कि अगर कोई कार्रवाई नहीं की गई तो इन दोनों जिलों में संबंधित जगहों पर भी अफवाह फैल सकती है। इसलिए एहतियात के तौर पर मालदा और बीरभूम के कुछ इलाकों में इंटरनेट सेवाएं बंद करने का फैसला लिया गया है।

## प्रधानमंत्री मोदी ने जलियांवाला बाग हत्याकांड के शहीदों को श्रद्धांजलि दी

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 1919 के जलियांवाला बाग हत्याकांड के शहीदों को रविवार को श्रद्धांजलि दी और कहा कि 'आने वाली पीढ़ियां हमेशा उनके अदम्य साहस को याद रखेंगी'। औपनिवेशिक शासन को दमनकारी शक्तियां प्रदान करने वाले रॉलेट एक्ट के खिलाफ शांतिपूर्वक विरोध कर रहे सैकड़ों लोगों को 1919 में आज ही के दिन अमृतसर के जलियांवाला बाग में बिना किसी उकसावे के ब्रिटिश सेना ने गोलियों से भून दिया था। प्रधानमंत्री मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''हम जलियांवाला बाग के शहीदों को श्रद्धांजलि देते हैं। आने वाली पीढ़ियां उनके अदम्य साहस को हमेशा याद रखेंगी।''

## राष्ट्रपति के लिये समय सीमा निर्धारित करने के शीर्ष अदालत के आदेश पर समीक्षा याचिका दायर करेगी सरकार

**नयी दिल्ली :** राज्य विधानसभाओं द्वारा पारित विधेयकों पर निर्णय करने के लिये राष्ट्रपति और राज्यपालों के लिए समय सीमा तय करने के उच्चतम न्यायालय के फैसले पर सरकार की ओर से समीक्षा याचिका दायर किए जाने की संभावना है। इस संबंध में जानकारी रखने वाले सूत्रों ने बताया कि समयसीमा की समीक्षा का अनुरोध करने के अलावा, सरकार शीर्ष अदालत के इस आदेश की भी समीक्षा कर सकती है, जिसमें न्यायालय ने कहा था कि यदि राज्यपाल द्वारा भेजे गए विधेयक को राष्ट्रपति रोककर रखते हैं, तो राज्य सरकारें सीधे संपर्क कर सकती हैं । सूत्रों ने बताया कि इस मुद्दे पर सरकार की ओर से शीर्ष अदालत में एक समीक्षा याचिका दायर की जाएगी। उन्होंने बताया कि जिस आधार पर समीक्षा याचिका दायर की जाएगी, उस पर विचार किया जा रहा है और सरकार के शीर्ष अदालत पहुंचने के बाद ही इसके बारे में जानकारी हो पायेगी।

## आज मुख्यमंत्री ममता कालीघाट स्काईवाक का करेंगी उद्घाटन



**कोलकाता, समाज्ञा :** लंबे इंतजार के बाद, आखिरकार, कालीघाट मंदिर से सटा स्काईवॉक खुलने वाला है। आज मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के हाथों बहुप्रतीक्षित कालीघाट स्काईवॉक का उद्घाटन किया जाएगा। उससे पहले स्काईवॉक की पहली झलक सामने आई। बता दें कि राज्य सरकार ने इस परियोजना के लिए 125 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। लगभग 450 मीटर लंबा यह स्काईवॉक एसपी मुखर्जी रोड से काली मंदिर रोड तक बनाया गया है। डिजाइन के अनुसार, स्काईवॉक तक जाने के लिए एक एस्केलेटर है। यह कुछ-कुछ दक्षिणेश्वर स्काईवॉक जैसा दिखता है। हालांकि, उस समय निर्माण कार्य शुरू करने के लिए सरकार को थोड़ी जल्दबाजी करनी पड़ी थी। शुरुआत में, फेरीवालों की आपत्ति, दुकानों के स्थानांतरण, भूमि संबंधी जटिलताओं आदि के कारण परियोजना के क्रियान्वयन में कुछ देरी हुई। आखिरकार, जनवरी 2022 में निर्माण कार्य शुरू हुआ। लंबे इंतजार के बाद स्काईवॉक का निर्माण पूरा हो जाएगा। अब बस उद्घाटन का इंतजार है।

## व्यापार युद्ध के बीच चीन की अमेरिका से अपील

### कहा- जवाबी टैरिफ को पूरी तरह किया जाए खत्म

**बीजिंग :** जवाबी टैरिफ को लेकर अमेरिका और चीन के बीच व्यापार युद्ध छिड़ा है। दोनों देश एक-दूसरे पर भारी भरकम टैरिफ लगा रहे हैं। ट्रंप प्रशासन ने शुक्रवार को कुछ इलेक्ट्रॉनिक सामानों को टैरिफ से छूट दी। इसे लेकर चीन ने अमेरिका से अपील की है। चीन ने कहा है कि इलेक्ट्रॉनिक सामानों की तरह ही जवाबी टैरिफ को पूरी तरह से खत्म किया जाए। चीन के वाणिज्य मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि हम अमेरिका से कहते हैं कि वह अपनी गलतियों को सुधारने के लिए बड़ा कदम उठाए। जवाबी टैरिफ को जैसी गलत नीति को रद्द करे और आपसी सम्मान के सही रास्ते पर लौट आए। अमेरिका का इलेक्ट्रॉनिक सामान पर टैरिफ खत्म करना एक छोटा कदम है। हम इसके प्रभाव की जांच कर रहे हैं।

## बांग्लादेश की अदालत ने शेख हसीना और उनकी बहन के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया

**ढाका :** बांग्लादेश की एक अदालत ने रविवार को अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना, उनकी बहन शेख रेहाना, ब्रिटिश सांसद ट्यूलिप रिजवाना सिद्दीक और 50 अन्य के खिलाफ राजनीतिक सत्ता का दुरुपयोग करके कथित अवैध भूमि अधिग्रहण के मामले में गिरफ्तारी वारंट जारी किया। ढाका ट्रिब्यून अखबार की खबर के मुताबिक ढाका मेट्रोपोलिटन के वरिष्ठ विशेष न्यायाधीश जाकिर हुसैन ने भ्रष्टाचार निरोधक आयोग (एसीसी) द्वारा दायर तीन अलग-अलग आरोपपत्रों पर संज्ञान लेने के बाद यह आदेश पारित किया। अखबार ने एसीसी के सहायक निदेशक (अभियोजन) अमीनुल इस्लाम के हवाले से बताया कि न्यायाधीश हुसैन ने गिरफ्तारी वारंट से संबंधित अमल रिपोर्ट की समीक्षा के लिए 27 अप्रैल की तारीख तय की है।

## रूस को भारत के साथ कई क्षेत्रों में सहयोग विकसित होने की उम्मीद: विदेश मंत्रालय

**मॉस्को :** रूस ने रविवार को भारत के साथ अपने मैत्रीपूर्ण संबंधों के लगातार मजबूत होने तथा इनके विस्तार की संभावना जताई और कहा कि उसे नयी दिल्ली के साथ बहुआयामी सहयोग विकसित होने की उम्मीद है। द्विपक्षीय राजनयिक संबंधों की 78वीं वर्षगांठ के मौके पर टेलीग्राम पर एक पोस्ट में रूसी विदेश मंत्रालय ने ''हम मैत्रीपूर्ण संबंधों के तीव्र गति से लगातार विकसित होने तथा रूसी-भारतीय संबंधों के विस्तार को लेकर विश्वास व्यक्त करते हैं। भारत और रूस ने 13 अप्रैल 1947 को अपने राजनयिक संबंध स्थापित किये थे। रूसी विदेश मंत्रालय के अनुसार, द्विपक्षीय संबंधों की विशेषता विश्वसनीयता, उच्च स्तर की राजनीतिक वार्ता और विशेष रूप से विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी है।

# भारत ने लेजर निर्देशित ऊर्जा हथियार प्रणाली का परीक्षण किया

### चुनिंदा देशों के समूह में शामिल हुआ



**नयी दिल्ली :** भारत ने रविवार को लेजर आधारित ऊर्जा हथियार प्रणाली का सफलतापूर्वक परीक्षण किया और इस तरह वह उन चुनिंदा देशों के समूह में शामिल हो गया, जिनके पास दुश्मन के ड्रोन और मानवरहित विमानों को मार गिराने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले आधुनिक हथियार हैं। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने कहा कि हथियार प्रणाली का परीक्षण आंध्र प्रदेश के कुरनूल में किया गया। भारत उन चंद देशों में से एक है जो भविष्य की सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए निर्देशित ऊर्जा हथियार प्रणाली विकसित कर रहे हैं। अमेरिका, चीन और रूस को निर्देशित ऊर्जा हथियार प्रणाली विकसित करने के लिए जाना जाता है। डीआरडीओ ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, ''डीआरडीओ ने आज कुरनूल में वाहन पर लगे लेजर निर्देशित हथियार (डीईडब्ल्यू) एमके-दो (ए) के भूमि संस्करण का सफल फील्ड प्रदर्शन किया।'' पोस्ट में कहा गया है, ''इसने 'फिक्स्ड विंग यूएवी' और 'स्वार्म ड्रोन' को सफलतापूर्वक हराया, जिससे संरचनात्मक क्षति हुई और निगरानी सेंसरों को निष्क्रिय कर दिया गया। इस सफल परीक्षण के साथ ही देश उन वैश्विक शक्तियों के विशिष्ट समूह में शामिल हो गया है जिनके पास उच्च शक्ति वाली लेजर आधारित डीईडब्ल्यू प्रणाली है।'' सरकार भारत की रक्षा क्षमता को मजबूत करने के लिए निर्देशित ऊर्जा हथियारों (डीईडब्ल्यू) और हाइपरसोनिक हथियारों के विकास पर ध्यान केंद्रित कर रही है। भारतीय वायु सेना पहले से ही इन हथियार प्रणालियों को हवाई प्लेटफार्म में एकीकृत करने की दिशा में काम कर रही है।

उचित मूल्य में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की नी-रिप्लेसमेंट सर्जरी

सलाह दे रहे हैं विख्यात ऑर्थेपेडिक एवं जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जन



DR. SANTOSH KUMAR
Consultant Orthopaedic & Joint Replacement Surgeon
Head, Institute of Computer Assisted
Joint Replacement Surgery, BELLE VUE CLINIC & WOODLANDS HOSPITAL

हमारे समाज में, विशेषकर व्यस्क व्यक्तियों के चलने-फिरने की समस्या का प्रमुख कारण है नी-आरथ्राइटिस। इस प्रकार की समस्याओं को प्राथमिक स्तर पर औषधियों और फिजियोथेरापी से ठीक करना मुमकिन तो है, पर समस्या जटिल होने पर **घुटने का प्रत्यारोपण या नी-रिप्लेसमेंट** ही एकमात्र निश्चित समाधान है।

मेरे तत्वावधान में नी-रिप्लेसमेंट पद्धति बिल्कुल पूर्वनिर्धारित (प्रेडिक्टेबल) है। सबसे पहले हम हर प्रकार के प्रिऑपरेटिव इन्वेस्टिगेशन करते हैं जैसे कि विभिन्न प्रकार के ब्लड टेस्ट, यूरिन टेस्ट, ईसीजी, इकोकार्डियोग्राफ इत्यादि। मेरे यहाँ रोगियों की सुरक्षा को सबसे अधिक प्राथमिकता दी जाती है। हमारे साथ हैं अनुभवी मेडिसिन चिकित्सक, कार्डियोलॉजिस्ट से सम्मिलित एक पूर्ण समर्पित टीम। सर्जरी के पहले, सर्जरी के दौरान और सर्जरी के बाद भी चिकित्सा से जुड़ी सभी जरूरतों का पूरा ख्या रखना ही हमारी टीम वर्क की सफलता सुनिश्चित करता है।

सम्पूर्ण उपयुक्त (प्रिसिशनल) सर्जरी और इसके बाद रोगी के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के उद्देश्य से मैं कम्प्यूटर एसिस्टेड मिनिमली इनवेसिव सर्जरी करता हूँ। रोगी अपनी सम्पूर्ण चिकित्सा में एक दर्दरहित अनुभव का एहसास कर पाएं, मैं इसका पूरा ख्याल रहता हूँ। सर्जरी के बाद रोगी घुटने को मोड़ पाएं और जमीन पर बैठ पाएं, इसके लिए में 'Rotation Platform High Flexion Knees' का इस्तेमाल करता हूँ। सर्जरी के दूसरे दिन से ही रोगी चल-फिर सकते हैं और तीन दिनों में घर वापस जा सकते हैं। मैं हर श्रेणी और हर प्रकार की बीमा कराए व्यक्तियों की सर्जरी करता हूँ और वे सभी व्यक्ति जो किसी बीमा संस्था के दायरे में नहीं आते हैं, उनकी सर्जरी भी बहुत उचित मूल्य में करता हूँ। किसी रोगी की आर्थिक समस्या के बारे में पता चलने पर, मैं उसकी समस्या का भी समाधान करने के लिए हमेशा प्रयासरत रहता हूँ।

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें:
DR. SANTOSH KUMAR KNEE FOUNDATION
Chamber : Plot No 332, Laketown Block A, Kolkata-700 089
✆ : 98319 11584 / 98312 66632
e-mail : santdr@gmail.com
www.mykneemylife.org
www.momentumorthocare.com

Four Square by Basu Hotel



ENJOY A JOYFULL EXPERIENCE

A Fresh Reason to Return...!

- Specious Room with Beautiful Ambiance
- Wi-Fi Connectivity Rooms
- Swimming Pool/ Kids Pool/ Pool Party
- Office Functions & Party Space Available
- Dining Area
- In House Restaurants
- Non-Smoking Rooms
- Kids Play Zone
- Travel Desk
- Led TV with Exhaustive Channel List
- STD/ISD Calling Facility
- Lavatories
- 24 Hrs Bell Desk/ Room Service
- 24 Hrs Security/ CCTV
- Wake-up Call Facility
- Coffee Corner Round the Clock







2 Minutes Away from NEW DIGHA RAILWAY STATION

PICKUP & DROP FACILITY AVAILABLE

Four Square by Basu Hotel
PLOT NO-79, N 2 SECTOR, NEW DIGHA
For Booking call Mr. Tamal Das : M.: 90 8325 0083/ 82 9653 8545
For Enquiry call Mr. Uday Shaw : M.: 98300 17241
THIS HOTEL BELONGS TO SHAW GROUP OF HOTELS

## हैंडली को लाने की भी हो कोशिश

लगभग डेढ़ दशक के प्रयासों के बाद, देश को दहला देने वाले मुंबई आतंकी हमले के सूत्रधार रहे पाकिस्तानी मूल के तहव्वुर राणा का भारत प्रत्यर्पण हमारी बड़ी कानूनी व कूटनीतिक जीत है। यह सफलता तब ही पूर्ण मानी जाएगी जब इस साजिश में बड़ी भूमिका निभाने वाले डेविड कोलमैन हेडली का भारत प्रत्यर्पण हो सकेगा। जिसने मुंबई हमले से पूर्व आतंकियों द्वारा निशाने पर लिए गए जगहों की कई बार रेकी करके आतंकी सरगनाओं की मदद की थी। निश्चय की तहव्वुर राणा का भारत लाया जाना इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि जांच के बाद मुंबई आतंकी हमले में पाकिस्तान सरकार तथा आईएसआई की भूमिका व पाक स्थित आतंकी संगठनों के खतरनाक मंसूबों का खुलासा हो सकेगा। सही मायनों में यह हमारी खुफिया एजेंसियों की भी कठिन परीक्षा होगी कि इस साजिश की तह तक कैसे पहुंचा जाए। भारतीय खुफिया एजेंसियां से यदि इस बड़ी साजिश की कड़ियां सही तरह से जोड़ पायी तो आतंकवाद की उर्वरा भूमि बने पाकिस्तान को दुनिया के सामने बेनकाब किया जा सकेगा। यही वजह है कि 26/11 के दहला देने वाले मुंबई हमले के सूत्रधार तहव्वुर राणा को भारत प्रत्यर्पण करने के रास्ते अवरोध खड़े करने में प्रत्यक्ष-परोक्ष तौर पर पाक समर्थकों द्वारा कोशिशें की गई। वे सारे कानूनी उपाय अपनाए गए जो राणा का प्रत्यर्पण रोक सकते थे। बहरहाल, इस प्रत्यर्पण से उन शहीदों के परिजनों को न्याय मिलने की उम्मीद जगी है, जिनकी इस आतंकी हमले में मृत्यु हुई थी। अब तक उनके परिजनों को इस बात का मलाल था कि सोलह साल बाद भी सभी अपराधियों को सजा नहीं मिली सकी है। साथ ही राणा की पूछताछ से होने वाले खुलासों से आतंकवाद की पाठशाला बने पाकिस्तान को अलग-थलग करने के प्रयासों को भी बल मिलेगा। निश्चित रूप से तहव्वुर राणा के खिलाफ भारतीय कानून व न्याय व्यवस्था के मानकों के अनुरूप ही कार्रवाई होगी। साथ ही अजमल कसाब की तरह उसकी अपनी बात कहने को कानूनी मदद भी दी जाएगी।

हालांकि, अब तक पाकिस्तान मुंबई आतंकी हमले में अपना हाथ होने से लगातार इनकार करता रहा है, लेकिन सभी प्राथमिक सूचनाएं और ठोस सबूत पाक की तरफ इशारा करते रहे हैं। वहीं दूसरी ओर वह अपनी धरती पर कुख्यात आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के बड़े गुर्गों को संरक्षण देकर उनका बचाव करता रहा है। ऐसे में हमारी जांच एजेंसियों के अधिकारी तहव्वुर राणा से सख्त पूछताछ से सच्चाई सामने लाने में सक्षम हो सकते हैं। साथ ही ठोस निष्कर्षों के आधार पर पाकिस्तान पर दबाव बना सकता है कि वह अपनी जमीन आतंकवादियों को पालने-पोसने में इस्तेमाल न होने दे। इसके अलावा आतंकी संगठनों पर पर्याप्त दबाव बनाए, ताकि फिर मानवता के खिलाफ मुबई हमले जैसे घटनाक्रम न दोहराए जा सकें। बहरहाल, तहव्वुर राणा का भारत प्रत्यर्पण पाकिस्तान तथा दूसरे देशों में भारत विरोधी गतिविधियां चला रहे लोगों व संगठनों के लिये साफ संदेश गया है कि इंसानियत के दुश्मन दुनिया के किसी भी कोने में कानून की ओट में बच नहीं सकते। साथ ही पाकिस्तान को आईना दिखा दिया गया है जो तहव्वुर राणा को कनाडा का नागरिक बताकर अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ने की कोशिश कर रहा था। निश्चित रूप से इस सफलता में भारत के राजनीतिक व कूटनीतिक प्रयासों की भी बड़ी भूमिका रही है। भारतीय अधिकारियों ने इस दिन के लिये कड़ी मेहनत की। हालांकि, अभी इस रहस्य से पर्दा उठना बाकी है कि अमेरिका ने क्यों अपने नागरिक डेविड कोलमैन हेडली को भारत को सौंपने से परहेज किया। जबकि उसने इस बड़े अपराध में बड़ी भूमिका निभाई थी। हेडली व राणा आतंकी हमले को अंजाम देने वाले आतंकी संगठनों व पाक खुफिया एजेंसियों के संपर्क में लगातार बने रहे थे। बहरहाल, उम्मीद की जानी चाहिए की तहव्वुर राणा से कड़ी पूछताछ के बाद भारतीय एजेंसियां मुंबई हमले में इस्लामाबाद की भूमिका, पाक सत्ता प्रतिष्ठानों की करतूतों,आईएसआई के नेटवर्क व आतंकी संगठनों को दी जाने वाली आर्थिक मदद की हकीकत देश-दुनिया के सामने ला सकेंगी।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 14 अप्रैल, सोमवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, चैत्र कृष्णपक्ष प्रतिपदा, 08:25 तक , नक्षत्र : स्वाति, 24:07 तक , योग : वज्र, 22:32 तक, सूर्योदय: 5:17, सूर्यास्त: 17:56, चन्द्रोदय : 19:09, चन्द्रास्त: 05:45, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, अमान्ता महीना, सूर्य राशि : मेष, चन्द्र राशि : तुला, राहू काल : 05:55 से 08:29

## राशिफल

**मेष :** आज परीक्षाओं में आपका प्रदर्शन काफी अच्छा हो सकता है। बिजनेस डील के लिये ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। लोग आपके व्यवहार से काफी आकर्षित रहेंगे।

**वृष :** आज कार्यक्षेत्र की परेशानियां समाप्त होंगी। कारोबार को बढ़ाने के लिये आप लोन ले सकते हैं। धर्म और अध्यात्म के प्रति आपकी रुचि बढ़ेगी। जॉब में आपको बड़ा पद मिल सकता है।

**मिथुन :** आज आपको कई कार्य करने पड़ सकते हैं। जीवनसाथी के प्रति मन में आदर भाव जागृत होगा। अपने भोग-विलास पर आप धन खर्च कर सकते हैं।

**कर्क :** आज व्यापारिक समझौतों से लाभ होगा लेकिन वह धन तुरन्त खर्च भी हो सकता है। आप जिन लोगों का हित करेंगे, वे लोग ही आपका अनादर कर सकते हैं।

**सिंह :** आज कारोबार में में लाभ की स्थिति बनेगी। शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत होगी। सन्तान के विवाह की सम्भावना बन रही है। विद्यार्थियों का पढ़ाई में शानदार प्रदर्शन रहेगा।

**कन्या :** आज धन खर्च होगा। नयी नौकरी की शुरुआत कर सकते हैं। मन में दान-पुण्य की भावना जागृत होगी। अपने जीवनस्तर को सुधारने का प्रयास करेंगे।

**तुला :** आज अधिक धन खर्च हो सकता है। बौद्धिक कार्यों में आपका मन लगेगा। रुके हुये कार्य समय पर पूर्ण हो जायेंगे। बच्चे घरेलू कामकाज में रुचि लेंगे। प्रेम सम्बन्धों को लेकर भावुक रहेंगे।

**वृश्चिक :** आज कई कार्यों में सफलता मिलेगी। पुराना विवाद दोबारा उभर सकता है। परिजनों की आवश्यकताओं का ध्यान रखें। सिरदर्द और बदलते मौसम को लेकर परेशानी हो सकती है।

**धनु :** आज आपसी सहयोग में वृद्धि होगी। धर्म-कर्म के प्रति आपकी रुचि बढ़ेगी। कार्यक्षेत्र में आपका वर्चस्व बढ़ेगा। आपकी कोई मनोकामना पूर्ण हो सकती है।

**मकर :** आज घरेलू मामलों में समझौता हो सकता है। रुके हुये कार्यों को आप समय पर पूर्ण कर लेंगे। समाज में आपकी ख्याति बढ़ेगी। आपकी निर्णय क्षमता की प्रशंसा होगी।

**कुम्भ :** आज आत्मविश्वास में कमी रहेगी। लोग आपसे सहयोग की अपेक्षा करेंगे।आप कई लोगों की मदद करेंगे। आप मानसिक रूप से मजबूत रहेंगे। आज आपको भागदौड़ अधिक करनी पड़ेगी।

**मीन :** आज का दिन तनावपूर्ण रहने वाला है। परिवार के किसी सदस्य का स्वास्थ्य परेशान कर सकता है। कार्यक्षेत्र में लोग आपके ऊपर अधिक निर्भर रहेंगे।

# डॉ आंबेडकर को याद करते है लोग, उनके मरने के बाद



बाल मुकुन्द ओझा

आज 14 अप्रैल को पूरा देश डॉ भीम राव आंबेडकर की 134 वीं जयंती मना रहा है। समाजवादी चिंतक और विचारक डॉ राम मनोहर लोहिया का यह कथन, ''लोग मुझे याद करेंगे लेकिन मेरे मरने के बाद'' आज भी बाबा साहेब आंबेडकर के सन्दर्भ में सटीक और खरा उतरता है। देश में आज सर्वाधिक चर्चा बाबा साहेब अम्बेडकर की हो रही है। दलितों के मसीहा माने जाने वाले डॉ भीमराव आंबेडकर आजकल सियासी संग्राम के सबसे चर्चित केंद्र बिंदु बने हुए है। जिसे देखो वह बाबा साहेब का सबसे बड़ा भक्त और अनुयायी होने का दावा कर रहा है। विशेषकर देश में लोकसभा अथवा किसी भी राज्य में विधानसभा चुनाव आते ही सियासी पार्टियां आंबेडकर को केंद्र बिंदु में रखकर अपना चुनावी अभियान संचालित कर रही है। सियासी पार्टियों की नज़र एक मुश्त दलित वोटों पर रहती है। आजकल सियासत में डॉ आंबेडकर का नाम लेना एक फैशन हो गया है। भीमराव आंबेडकर को लोग भारत के संविधान का निर्माता के रूप में जानते है मगर आंबेडकर का जयकारा लगाने वाले बहुत से लोग यह नहीं जानते है कि 1952 में हुए देश के पहले लोकसभा चुनाव में वे बुरी तरह हार गए थे। यही नहीं कांग्रेस ने 1954 में भंडारा लोकसभा के लिए हुए उपचुनाव में भी अम्बेडकर को एक बार फिर हराया। यह एक ऐतिहासिक तथ्य है कि जीते जी डॉ आंबेडकर की बात लोगों ने नहीं सुनी थी और आज जिसे देखो वह उनके आदर्शों पर चलने की बात कह रहा है। आश्चर्य की बात तो यह है इनमें वो लोग और पार्टी भी शामिल है जिन्होंने लोकसभा में जाने से अंबेडकर को रोक दिया था। आज के दिन हमें उनके कृतित्व और व्यक्तित्व पर चर्चा और मंथन के साथ उनके विचारों और आदर्शों को सही मायने में अंगीकृत करने की जरुरत है।



आंबेडकर नेहरू के प्रधानमंत्रित्व में बनी देश की पहली अंतरिम सरकार में कानून मंत्री थे। कांग्रेस से मतभेद के चलते 27 सितंबर, 1951 को उन्होंने नेहरू मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया था। विडंबना तो यह है उनको हराने वालों में कांग्रेस पार्टी मुख्य थी जो आज बात बात में डॉ आंबेडकर का नाम जपने से नहीं थकती। यही नहीं रजनीतिक नेताओं को सिर्फ चुनाव के वक्त ही डॉ अंबेडकर की याद क्यों आती है। आंबेडकर को 29 अगस्त, 1947 को संविधान की प्रारूप समिति का अध्यक्ष बनाया गया। उनकी अध्यक्षता में दो वर्ष, 11 माह, 18 दिन के बाद संविधान बनकर तैयार हुआ। आंबेडकर को भारतीय संविधान का शिल्पकार कहा जाता है। करोड़ों शोषितों, वंचितों दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों को सम्मानीय जीवन देने के लिए उन्हें हमेशा याद किया जायेगा। वे नौ भाषाओं के जानकार थे। इन्हें देश-विदेश के कई विश्वविद्यालयों से पीएचडी की कई मानद उपाधियां मिली थीं। इनके पास कुल 32 डिग्रियां थीं। 1990 में, उन्हें भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से मरणोपरांत सम्मानित किया गया था।

बाबा साहेब अंबेडकर के नाम से मशहूर डॉ भीमराव अंबेडकर भारत ही नहीं अपितु विश्व के प्रमुख नेता, विचारक, शिक्षाविद और स्वतंत्रता सेनानी के रूप में जाने जाते है। गाँधी की आलोचना के बावजूद वे गाँधी को प्रिय थे। अंबेडकर महात्मा गाँधी के सच्चे अनुयायी थे। डॉ अंबेडकर ने समाज से छुआछूत को मिटाने के लिया सतत संघर्ष किया जिसका परिणाम है की समाज में समरसता का सन्देश गया। भीमराव आंबेडकर जयंती के मनाने के पीछे मूल कारण लोगो में समानता के अधिकारों का विकास हो और सबका साथ सबका विकास हो। आंबेडकर के कार्यो से प्रभावित होकर अब संयुक्त राष्ट्र में भी इनकी जयंती मनाया जाने लगा है। सयुक्त राष्ट्र ने भीमराव आंबेडकर को विश्व का प्रणेता कहकर उनके सम्मान में संबोधित किया है जो की हर भारतियों के लिए एक गर्व की बात है। मगर आज उनकी यह प्रेरणा कुछ खास वर्ग तक सीमित हो कर रह गई है।

बाद के दिनों में आंबेडकर कांग्रेस से अलग हो कर अपनी राजनैतिक पार्टी बनाई मगर उन्हें सफलता नहीं मिली। इसके बावजूद देश का एक बड़ा वर्ग अंबेडकर से बेहद प्रभावित है और उन्हें देश को जोड़ने वाले प्रखर सेनानी के रूप में मानता है। अंबेडकर जयंती पर उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी की हम उनके बताये मार्ग पर चलने का संकल्प लेकर देश में सच्चे अर्थों में समता और समानता का संदेश घर घर घर पहुंचाकर देश को सामाजिक और आर्थिक रूप से सुढ़ृड़ बनायें।

# भारतीय खिलौना उद्योग चमका, चीन से आयात में भारी गिरावट - अक्षय बिंजराजका

खिलौना उद्योगपति अक्षय बिंजराजका ने कहा कि भारतीय खिलौना उद्योग अपने स्वर्णिम काल में है। यह उद्योग मुख्य रूप से चीन से आयात पर आधारित था, जो कुल भारतीय बाजार का लगभग 80% था, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में इसमें बदलाव आया है। केंद्र सरकार की उच्च टैरिफ और गुणवत्ता नियंत्रण नीति के कारण, चीन से घटिया खिलौनों का आयात कम हो गया और भारतीय खिलौना बाजार की मांग को पूरा करने के लिए निर्माताओं की संख्या में अप्रत्याशित रूप से वृद्धि हुई। चीनी खिलौना आयात का प्रभाव भारत ने वित्त वर्ष 20 में 235 मिलियन डॉलर के चीनी खिलौने आयात किए, यह आंकड़ा वित्त वर्ष 24 तक घटकर सिर्फ 41 मिलियन डॉलर रह गया है और इसमें लगातार गिरावट आ रही है। भारत खिलौनों का शुद्ध निर्यातक बन गया है। वैश्विक खिलौना निर्यात बाजार में भारत की हिस्सेदारी वर्तमान में मात्र 0.5% है। वैश्विक खिलौना बाजार का आकार 108 बिलियन डॉलर का है।टॉय एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष अक्षय बिंजराजका ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चल रहे टैरिफ युद्ध पर जोर दिया। अमेरिका ने चीनी वस्तुओं पर करीब 145% टैरिफ लगाया है, जिससे चीन के खिलौना क्षेत्र को भी काफी नुकसान हुआ है, क्योंकि चीनी खिलौने बड़ी मात्रा में निर्यात किए जाते थे। अमेरिका में खिलौनों का करीब 77% आयात चीन से होता है, लेकिन इस उच्च टैरिफ के बाद निश्चित रूप से इसमें कमी आएगी और चीनी निर्माताओं के लिए बाधाएं आएंगी, जबकि भारतीय खिलौना उद्योग और बाकी दुनिया के लिए नए अवसर पैदा होंगे। इस संदर्भ में उन्होंने कहा कि भारतीय खिलौना उद्योग बढ़ रहा है और अमेरिकी खिलौना बाजार में लगातार वृद्धि हो रही है, जो करीब 41.7 बिलियन डॉलर है, जो वैश्विक



खिलौना बाजार का 39% है। अब भारत को खिलौना निर्माण और लॉजिस्टिक्स के मामले में अपनी जमीन तैयार करनी है। भारत चैंबर ऑफ कॉमर्स (खिलौना उप-समिति) के अध्यक्ष अक्षय बिंजराजका ने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए फायदे और बाधाओं के बारे में चर्चा की। हम अमेरिका को निर्यात कर सकते हैं और गुणवत्ता और कीमत में चीन के साथ प्रतिस्पर्धा कर सकते हैं, ताकि हम अपने निर्यात लक्ष्यों को प्राप्त कर सकें और भारत वैश्विक नेता बन सके।बिंजराजका ने कहा कि केंद्र सरकार को जमीनी हकीकत की जांच करने की जरूरत है। यह संख्याओं के समान नहीं है क्योंकि कई खिलौना हितधारक भारत के विभिन्न समुद्री बंदरगाहों पर अवैध आयात के बारे में शिकायत कर रहे हैं। निर्माताओं को कम मांग, उच्च मूल्य प्रतिस्पर्धा, उच्च ऋण, कम शेल्फ लाइफ आदि का सामना करना पड़ रहा है। हम केंद्र सरकार से मांग करते हैं कि वह बंदरगाहों पर सख्ती बरते और सस्ते चीनी खिलौनों को भारतीय बाजार में न आने दे। हम बीआईएस से अनुरोध करते हैं कि वह बाजार में अवैध चीनी खिलौनों पर उचित जांच और संतुलन बनाए रखे। अक्षय बिंजराजका ने स्पष्ट किया कि हम मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से खिलौना उद्योग पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह करते हैं क्योंकि यह एमएसएमई के अंतर्गत आता है और बंगाल इसका केंद्र है और भारत में नंबर एक है। हम पिछले 3 वर्षों से खिलौना क्लस्टर की मांग कर रहे हैं, कई कदम भी उठाए गए हैं लेकिन अंतिम रूप से पर्याप्त और अपेक्षित काम नहीं हुआ है। हमारा संघ बंगाल में एक पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के लिए कड़ी मेहनत कर रहा है ताकि इसे खिलौनों का वैश्विक केंद्र बनाया जा सके और समय भी हमें यह अवसर दे रहा है क्योंकि भारत कम टैरिफ के कारण अमेरिका को खिलौने निर्यात कर सकता है। पश्चिम बंगाल समुद्री बंदरगाह, उत्तर पूर्व क्षेत्र बेहतर लॉजिस्टिक्स कनेक्टिविटी, श्रम उपलब्धता, कच्चे माल की सोर्सिंग आदि के कारण घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजार में खिलौनों के निर्माण और निर्यात के लिए सबसे अच्छी भौगोलिक स्थिति है। खिलौना उद्योग बेहतर कानून व्यवस्था की भी मांग करता है ताकि अधिक से अधिक खिलौना निवेशक यहां आ सकें और अधिक रोजगार पैदा करने के लिए नई फैक्ट्रियां शुरू कर सकें। हमारा संघ अपने व्यवसाय के माध्यम से पश्चिम बंगाल के औद्योगिक विकास के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है क्योंकि यह एमएसएमई का प्रमुख क्षेत्र है। श्री बिंजराजका ने कहा कि खिलौना संघ पश्चिम बंगाल में खिलौना उद्योग का विस्तार करने के लिए राज्य सरकार के साथ हाथ मिलाने में रुचि रखता है ताकि रोज-गार और निवेश प्रदान किया जा सके। वैश्विक टैरिफ युद्ध पश्चिम बंगाल के खिलौना निर्माताओं के लिए चीनी राज्यों से ऊपर खिलौनों के वैश्विक आपूर्तिकर्ता के रूप में बंगाल को स्थापित करने का एक अवसर है। मुझे व्यक्तिगत रूप से लगता है कि भारत जल्द ही एक वैश्विक खिलौना संयुक्त बन जाएगा और पश्चिम बंगाल इसका नेता होगा। बंगाल आज करता है और दूसरे लोग कल सोचते हैं, इसलिए हम राज्य के सभी खिलौना हितधारकों द्वारा इस पर तेजी से काम देखने की उम्मीद करते हैं।

## विदेश की खबरें

### यूक्रेन के सूमी शहर में रूस के मिसाइल हमले में 30 से अधिक लोगों की मौत, 117 घायल

**कीव :** यूक्रेन के सूमी शहर में रविवार को रूस के मिसाइल हमले में कम से कम 34 लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार, दो बैलिस्टिक मिसाइल से यह हमला रविवार को पूर्वाह्न करीब सवा 10 बजे हुआ जब लोग 'पाम संडे' मनाने के लिए एकत्र हुए थे। वीडियो फुटेज में, शवों को सड़क किनारे और मलबे के बीच कम्बलों में लपेट कर रखे देखा जा सकता है। वहीं, अग्निशमन दल क्षतिग्रस्त इमारतों के मलबे के बीच कारों में लगी आग बुझाने का प्रयास करते देखे जा सकते हैं। यूक्रेन की 'स्टेट इमरजेंसी सर्विस' ने एक बयान में कहा कि हमले में मारे गए व्यक्तियों में दो बच्चे भी शामिल हैं। बयान में कहा गया कि 15 बच्चों समेत 117 अन्य लोग घायल हुए हैं। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि दो मिसाइल हमलों में कई लोग मारे गए हैं और राहत कार्य जारी है। उन्होंने कहा, प्रारंभिक सूचना के अनुसार कई लोग मारे गए और घायल हुए हैं। यूक्रेनी राष्ट्रपति कार्यालय के



प्रमुख एंड्री यरमक ने कहा कि हमले में ज़्यादा से ज़्यादा लोगों को मारने के लिए क्लस्टर बमों का भी इस्तेमाल किया गया। एसोसिएटेड प्रेस इस दावे की पुष्टि नहीं कर सका। सूमी पर यह हमला करीब एक सप्ताह में दूसरा बड़े पैमाने का हमला है, जिसमें आम लोगों की जान गई है। इससे पहले चार अप्रैल को जेलेंस्की के गृहनगर क्रिवी रीह पर घातक मिसाइल हमला हुआ था जिसमें नौ बच्चों सहित 20 लोग मारे गए थे। जेलेंस्की ने हमले पर वैश्विक प्रतिक्रिया का भी आह्वान किया। उन्होंने कहा, बातचीत से बैलिस्टिक मिसाइलों और बमों पर कभी रोक नहीं लगी। रूस के प्रति वैसा रवैया अपनाने की जरूरत है जैसा किसी आतंकवादी के प्रति अपनाया जाता है। विश्व के अन्य नेताओं ने भी इस हमले की निंदा की है। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा कि इस हमले ने दोनों पक्षों के बीच वाशिंगटन के नेतृत्व वाली शांति वार्ता को कमजोर किया है। उन्होंने एक बयान में लिखा, ''हर कोई जानता है: इस युद्ध की शुरुआत अकेले रूस ने की थी। और आज, यह स्पष्ट है कि अकेले रूस ने ही इसे जारी रखने का फैसला किया है - मानव जीवन, अंतरराष्ट्रीय कानून और अमेरिकी राष्ट्रपति (डोनाल्ड) ट्रंप के कूटनीतिक प्रयासों की घोर उपेक्षा करते हुए।''

### सितंबर 2023 के बाद से 8,60,000 अफगान नागरिक पाकिस्तान छोड़कर गए

**इस्लामाबाद :** सितंबर 2023 के बाद से 8,60,000 से अधिक अफगान नागरिक पाकिस्तान छोड़ चुके हैं, जिनमें से पांच लाख से ज्यादा खैबर पख्तूनख्वा के रास्ते सीमा पार कर अफगानिस्तान चले गए हैं। मीडिया की एक खबर से यह जानकारी सामने आई है। स्वैच्छिक वापसी की अफगान नागरिक कार्ड (एसीसी) की समय सीमा समाप्त होने के बाद पाकिस्तान ने एक अप्रैल को दूसरे चरण के तहत अफगान शरणार्थियों को उनके देश वापस भेजना शुरू किया। पाकिस्तान में रह रहे अफगान नागरिकों को चरणबद्ध तरीके से वापस भेजने की प्रक्रिया का पहला चरण 2023 में शुरू किया गया था। 2023 में सरकार ने पाकिस्तान में अवैध रूप से रह रहे अफगान नागरिकों को वापस भेजने की घोषणा की थी। 'डॉन' समाचार पत्र की खबर में बताया गया है कि अंतरराष्ट्रीय प्रवासन संगठन (आईओएम) के आंकड़ों के मुताबिक, 15 सितंबर 2023 से पांच अप्रैल 2025 के बीच 8,61,763 अफगान नागरिक पाकिस्तान से अपने देश लौट गए हैं।

### भारत को परमाणु ऊर्जा पर नए सिरे से काम करने की जरूरत : होलटेक के सीईओ क्रिस सिंह

**न्यूयॉर्क :** होलटेक के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) डॉ. क्रिस सिंह ने कहा है कि भारत को 'परमाणु ऊर्जा पर नए सिरे से काम करने' की जरूरत है और अमेरिका परमाणु अवसंरचना विकसित करने में देश की मदद करने में रुचि रखता है, क्योंकि दोनों देशों की इस क्षेत्र में काफी दिलचस्पी है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में इस दिशा में चीजें आगे बढ़ेंगी। सिंह ने कैमडेन, न्यूजर्सी में कृष्णा पी सिंह प्रौद्योगिकी परिसर में एक विशेष साक्षात्कार में 'पीटीआई-भाषा' से कहा, भारत और अमेरिका की स्वच्छ ऊर्जा में रणनीतिक रुचि है... परमाणु ऊर्जा को एकता का सूत्रधार होना चाहिए और भारत को स्वाभाविक रूप से इसमें अग्रणी भूमिका निभानी चाहिए। इसके लिए, भारत के पास निर्यात योग्य प्रौद्योगिकी होनी चाहिए। होलटेक इंटरनेशनल एक विविध ऊर्जा प्रौद्योगिकी कंपनी है, जिसे कार्बन उत्सर्जन मुक्त बिजली उत्पादन, विशेष रूप से वाणिज्यिक परमाणु और सौर ऊर्जा के क्षेत्र में अग्रणी प्रौद्योगिकी नवोन्मेषक के रूप में मान्यता प्राप्त है।

### नेपाल: बीरगंज में हनुमान जयंती पर हिंसक झड़प के बाद लागू कर्फ्यू रविवार आधी रात तक बढ़ाया गया

**काठमांडू :** नेपाल में परसा जिले के बीरगंज नगर पालिका क्षेत्र में हनुमान जयंती पर शोभायात्रा के दौरान हुई हिंसक झड़प के बाद लगाया गया कर्फ्यू रविवार मध्यरात्रि तक बढ़ा दिया गया है। यह जानकारी अधिकारियों ने दी। कर्फ्यू शनिवार को तब लगाया गया था, जब धार्मिक कार्यक्रम में कथित तौर पर पथराव के बाद समूहों के बीच टकराव शुरू हो गया। पथराव में पुलिसकर्मियों और निवासियों सहित कई लोग घायल हो गए थे। परसा जिला प्रशासन ने एक नोटिस में कहा, ''शनिवार शाम 7.30 बजे से रविवार दोपहर तक जारी कर्फ्यू आदेश को मध्यरात्रि तक बढ़ा दिया गया है।'' नोटिस में कहा गया है कि भारत के सीमावर्ती शहर रक्सौल के पास स्थित मध्य बीरगंज में ''लोगों की किसी भी तरह की आवाजाही, रैलियों, बैठकों, विरोध प्रदर्शन और सभाओं'' पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा, ''घटना में कुछ पुलिसकर्मियों सहित लगभग 24 लोग घायल हो गए।''

## वर्ग पहेली नं. 3062



**बायें से दायें:-** 1) मसालेदार, 4) शुरुआत, 7) हड़कंप, 9) गुदगुदा, 10) उदाहरण, 12) नाश, 13) तट, 14) पधारना, 15) बाधा, 17) जन-समूह, 19) चाबुक, 21) वार्ता, 22) अवांछित, 24) वक्र, 25) झेलना, 27) निःसंदेह, 29) माला , 30) जुड़वाँ, 31) पक्षाघात, 32) अनेक.

**ऊपर से नीचे:-** 2) आरंभिक कर्म, 3) ईंधन का दुकान, 4) भंडार; भवन, 5) भागदौड़, 6) ईंधन, 8) प्रचलित होना, 10) तिथि, 11) एक पक्षी, 14) जाँच, 15) विलंबित, 16) खुशामदी, 18) महीना, 19) समूहगीत, 20) आदान-प्रदान, 22) नासमझ, 23) गुत्थमगुत्था, 26) एक मीठा पकवान, 27) बिना तने का पौधा, 28) आगामी दिन.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*



## सुडोकू-पहेली-3022

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | | 7 | | | 2 | | |
| 4 | | 3 | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| 1 | 2 | | 4 | | | | | |
| | | | | | | | 5 | 3 |
| | | | | | | | 8 | |
| 7 | | | | | | 6 | | |
| 8 | | | | 3 | | | | |
| | | | | 5 | 9 | | | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3021 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 9 | 6 | 3 | 1 | 8 | 5 | 2 |
| 3 | 5 | 2 | 8 | 4 | 9 | 7 | 6 | 1 |
| 8 | 1 | 6 | 7 | 5 | 2 | 4 | 9 | 3 |
| 9 | 2 | 3 | 4 | 7 | 6 | 5 | 1 | 8 |
| 4 | 6 | 1 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 7 |
| 5 | 7 | 8 | 2 | 1 | 3 | 6 | 4 | 9 |
| 2 | 8 | 4 | 5 | 9 | 7 | 1 | 3 | 6 |
| 6 | 3 | 7 | 1 | 2 | 4 | 9 | 8 | 5 |
| 1 | 9 | 5 | 3 | 6 | 8 | 2 | 7 | 4 |

# मुर्शिदाबाद हिंसा और एसएससी भर्ती घोटाले को लेकर भाजपा का प्रदर्शन, नेताओं ने ममता पर साधा निशाना




**कोलकाता, समाज्ञा :** प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने रविवार को स्कूलों के 25,000 से अधिक शिक्षण और गैर-शिक्षण कर्मचारियों के नौकरी गंवाने और मुर्शिदाबाद में हिंदुओं पर कथित हमलों के लिए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की आलोचना की और कोलकाता के कॉलेज स्कायर से धर्मतला तक एक विशाल विरोध रैली में हिस्सा लिया। रैली का नेतृत्व नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार, पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दिलीप घोष और न्यायाधीश से सांसद बने अभिजीत गंगोपाध्याय ने किया। प्रदर्शनकारियों ने हाथ में तख्तियां लेकर नारे लगाए। प्रदर्शनकारियों ने सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस पर 'बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार' और 'तुष्टिकरण की राजनीति' करने का आरोप लगाया। धर्मतला में प्रदर्शनकारियों के एक वर्ग ने टायर भी जलाए। मुर्शिदाबाद में सांप्रदायिक हिंसा का जिक्र करते हुए शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि इस शासन ने न केवल लाखों बेरोजगार युवाओं को धोखा दिया है, बल्कि कानून-व्यवस्था के भी ध्वस्त होने का मार्ग प्रशस्त किया।

हिंदुओं पर उनके ही देश में हमला किया जा रहा है। अधिकारी ने कहा कि उनकी पार्टी मुर्शिदाबाद के समसेरगंज में एक व्यक्ति और उसके बेटे की हत्या की केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से जांच की भी मांग करेगी। वहीं, सुकांत मजूमदार ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार 'कट्टरपंथियों को बचा रही है' और असहमति की आवाजों को दबा रही है। उन्होंने कहा कि नौकरी से लेकर न्याय तक, बंगाल में सब कुछ लूटा जा रहा है। घोष ने कहा कि यह विरोध प्रदर्शन बंगाल के भविष्य को बचाने के लिए है भाजपा द्वारा मुर्शिदाबाद और बीरभूम सहित कई स्थानों पर हिंसा की निंदा करते हुए कई विरोध रैलियां आयोजित की गईं।

# बंगाल में वक्फ के नाम पर हो रही हिंसा, हिंदुओं की घरों से खींचकर हत्या की जा रही : योगी आदित्यनाथ

### यूपी के सीएम ने मुर्शिदाबाद हिंसा की निंदा की, पूछा... 'हिंसा से किसको फायदा होगा'



**लखनऊ/कोलकाता :** यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वक्फ संशोधन बिल का विरोध करने पर रविवार को ममता सरकार को आड़े हाथों लिया। योगी ने कहा कि वक्फ के नाम पर लोगों को डराया जा रहा है। पश्चिम बंगाल में हिंदुओं की हत्या करवाई जा रही है। लोगों को घरों से खींचकर मारा गया। वक्फ की आड़ में हिंसा फैलाई जा रही है। लोगों को डराया और धमकाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर निशाना साधते हुए योगी ने पूछा कि आखिर बंगाल हिंसा से किसको लाभ है? लखनऊ में डॉ भीमराव आंबेडकर की जयंती से एक दिन पहले आयोजित सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वक्फ के नाम पर लाखों-करोड़ों की जमीन पर कब्जा किया गया है। उनके (कब्जा करने वालों के) पास कोई कागज नहीं, कोई राजस्व का रिकॉर्ड नहीं है और जब से (वक्फ) संशोधन विधेयक पारित हुआ और कार्रवाई हो रही है तो इसके लिए हिंसा भड़काई जा रही है।

मुर्शिदाबाद में तीन हिंदुओं की उनके घरों से खींचकर हत्या कर दी गई। ये सब कौन हैं, ये वही दलित, वंचित और गरीब हैं जिसको इस जमीन का सर्वाधिक लाभ मिलने वाला है। योगी ने कहा कि जब तक हम सही तथ्य जनता जनार्दन के सामने नहीं रखेंगे तो जो लोग गुमराह करके अपना राजनीतिक उल्लू सीधा करते रहेंगे और वे लोग इसी प्रकार गुमराह करके, देश में अव्यवस्था पैदा करके दलितों, वंचितों का शोषण करते रहेंगे। वे दलितों, गरीबों और वंचितों को उनके अधिकारों से वंचित करते रहेंगे। इसलिए कार्ययोजना के साथ भाजपा की कार्यशाला यहां आयोजित हो रही है।

### अपने वोट बैंक को साधने के लिए ममता सरकार ने बंगाल को जलने के लिए छोड़ा : केंद्रीय मंत्री शेखावत

**जोधपुर :** केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने ममता बनर्जी सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि बहुसंख्यक हिंदुओं पर राज्य में हमले हो रहे हैं और ममता बनर्जी की सरकार चुप है। केवल, अपने वोटों को साधने के लिए उसने बंगाल को जलने के लिए छोड़ दिया है। रविवार को अपने गृह जनपद जोधपुर पहुंचे केंद्रीय मंत्री शेखावत ने मीडिया से अनौपचारिक बातचीत में कहा कि अपने वोटों के तुष्टीकरण के लिए जिस तरह के हालात बंगाल में ममता बनर्जी सरकार के कारण हुए बने हैं, वो निश्चित रूप से दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय हैं। पिछले दिनों रामनवमी उत्सव के समय और उसके बाद से लेकर अब निरंतर बहुसंख्यक हिंदुओं पर हमले हो रहे हैं। धार्मिक आधार पर उनका उत्पीड़न किया जा रहा है। मंदिरों को क्षति पहुंचाई जा रही है। बहू-बेटियों के साथ दुर्व्यवहार किया जा रहा है। उसके बाद भी ममता बनर्जी की सरकार चुप है, केवल अपने वोटों को साधने के लिए उसने बंगाल को जलने और बहुसंख्यक हिंदू समाज को भुगतने के लिए छोड़ दिया है। शेखावत ने कहा कि यह हालात एक बार फिर आजादी से पहले जिस तरह की व्यवस्था बंगाल में हुई थी, बंगाल विभाजन के समय हुई थी, उसका पुर्नस्मरण कराता है। लेकिन, मैं मानता हूं कि अब जिस तरह की चेतना व्याप्त हुई है, आने वाले चुनाव में बंगाल को इससे मुक्ति मिलेगी और बंगाल में भाजपा की सरकार बनेगी।

## मुर्शिदाबाद हिंसा पर मुख्यमंत्री से चर्चा कर रहे हैं, केंद्र स्थिति पर नजर रख रहा है : राज्यपाल



**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्यपाल डॉ. सीवी आनंद बोस ने रविवार को कहा कि वह हिंसा प्रभावित मुर्शिदाबाद जिले के संबंध में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के साथ नियमित रूप से चर्चा कर रहे हैं, जबकि केंद्र स्थिति पर नजर रख रहा है। इस दिन, एक वीडियो संदेश में राज्यपाल बोस ने कहा कि पर्याप्त संख्या में केंद्रीय बलों की तैनाती की गई है और उसके साथ-साथ राज्य पुलिस भी सहयोग के लिए सक्रिय है। राज्यपाल ने कहा कि मैं उपद्रवियों को बता दूं कि हिंसा और अपराधियों के खिलाफ हमारा रुख सख्त रहेगा और किसी को भी कानून अपने हाथ में लेने की इजाजत नहीं दी जाएगी। राज्यपाल ने कहा कि राजभवन मुर्शिदाबाद और अन्य हिंसा प्रभावित क्षेत्रों में स्थिति पर नजर रख रहा है और मुख्यमंत्री के साथ चर्चा हो रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार स्थिति पर कड़ी नजर रख रही है तथा बीएसएफ और पुलिस सहित अन्य अधिकारियों से विश्वसनीय जानकारी जुटा रही है।

## राज्य के चार जिलों को अफस्पा के तहत 'अशांत क्षेत्र' घोषित करे केंद्र : ज्योतिर्मय सिंह महतो

❑ **भाजपा सांसद ने केंद्रीय गृह मंत्री शाह को लिखा पत्र**

**कोलकाता/पुरुलिया :** पुरुलिया से भाजपा के सांसद ज्योतिर्मय सिंह महतो ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर केंद्र सरकार से राज्य के कुछ सीमावर्ती जिलों को सशस्त्र बल (विशेष शक्तियां) अधिनियम (अफस्पा) के तहत 'अशांत क्षेत्र' घोषित करने का आग्रह किया है। सांसद ने हिंदू समुदाय पर बार-बार हमले होने का आरोप लगाया है। महतो ने 13 अप्रैल को लिखे पत्र में आरोप लगाया कि मुर्शिदाबाद, मालदह, नदिया और दक्षिण 24 परगना जैसे जिलों में हिंदुओं के खिलाफ हिंसा की घटनाएं हुई हैं लेकिन राज्य की तृणमूल कांग्रेस सरकार ने 'तुष्टिकरण' की राजनीति के कारण 'आंखें मूंद' ली हैं। उन्होंने दावा किया कि हाल ही में, मुर्शिदाबाद जिले में 86 से अधिक हिंदुओं के मकानों और दुकानों को लूटा गया या नष्ट कर दिया गया तथा हरगोबिंदो दास नामक व्यक्ति और उसके बेटे समेत कुछ लोगों की हत्या कर दी गई। उन्होंने कहा कि झाउबोना गांव में पान के बागानों में आग लगा दी गई। सांसद ने कहा कि सीमावर्ती जिलों में भी इसी तरह की अशांति फैली है। वक्फ (संशोधन) अधिनियम को लेकर भड़की हिंसा का जिक्र करते हुए महतो ने आरोप लगाया कि भीड़ ने हिंदुओं के मकानों, सार्वजनिक संपत्ति और यहां तक कि पुलिस बलों पर भी हमला किया। उन्होंने कहा कि कलकत्ता उच्च न्यायालय को हस्तक्षेप करते हुए केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल की तैनाती का आदेश देना पड़ा, जिससे 'राज्य की प्रशासनिक विफलता' उजागर हुई। सांसद ने स्थिति की तुलना 1990 में कश्मीरी पंडितों के पलायन से करते हुए चेतावनी दी कि अगर तत्काल कदम नहीं उठाए गए तो बंगाल में भी ऐसे हालात पैदा हो जाएंगे। उन्होंने लिखा कि मैं आपसे बहुत सम्मानपूर्वक आग्रह करता हूं कि पश्चिम बंगाल के सीमावर्ती जिलों में अफस्पा लागू करें। उन्होंने कहा कि इस तरह के कदम से कानून - व्यवस्था को बहाल करने, भविष्य में हिंसा को रोकने और हिंदुओं को आश्वस्त करने में मदद मिलेगी कि उन्हें उनके हाल पर नहीं छोड़ा गया है। इस बीच, राणाघाट से भाजपा सांसद जगन्नाथ सरकार ने भी शाह को पत्र लिखा और मुर्शिदाबाद जिले में 'बिगड़ती' कानून- व्यवस्था की स्थिति के मद्देनजर तत्काल हस्तक्षेप करने का आग्रह किया।

## मुर्शिदाबाद में हिंसा के बीच तृणमूल सांसद यूसुफ पठान की 'चाय की चुस्कियों' वाले पोस्ट से मचा बवाल



**कोलकाता, समाज्ञा :** मुर्शिदाबाद जिले में वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ सांप्रदायिक हिंसा और तनाव के बीच बहरमपुर से तृणमूल कांग्रेस के स्थानीय सांसद और पूर्व क्रिकेटर यूसुफ पठान द्वारा इंस्टाग्राम पर अपनी एक पोस्ट को लेकर चौतरफा आलोचनाओं का सामना करना पड़ रहा है। दरअसल, पठान ने मुर्शिदाबाद हिंसा के बीच दो दिन पहले अपनी कुछ तस्वीरें इंस्टाग्राम पर साझा की थीं, जिसमें वे आराम से चाय का आनंद लेते हुए दिखाई दे रहे हैं। इन तस्वीरों के साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा था कि आरामदेह दोपहर, बढ़िया चाय और शांत माहौल। बस इन खूबसूरत पलों का आनंद ले रहा हूं। हिंसा के माहौल में पठान के पोस्ट करने की टाइमिंग से लोग हैरान हैं। उनके इस पोस्ट पर इंटरनेट मीडिया पर उन्हें ट्रोल किया जा रहा है। इस पोस्ट को लेकर राज्य में विपक्षी भाजपा ने भी तृणमूल सांसद पर निशाना साधा है। वामपंथी दलों के समर्थकों ने भी यूसुफ पठान की इस पोस्ट की आलोचना की है।

## बंगाल में हिंसा भड़काने में बीएसएफ कर रही है मदद : कुणाल घोष



**कोलकाता, समाज्ञा :** मुर्शिदाबाद में हिंसा के बीच अब सियासत शुरू हो गयी है। तृणमूल नेता कुणाल घोष ने रविवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में विस्फोटक दावा किया। उन्होंने कहा कि बीएसएफ की एक टुकड़ी की मदद से अशांति फैलाने और आगजनी करने के लिए हमलावरों को सीमा पार से लाया जा रहा है। कुछ राजनीतिक दल, कुछ केंद्रीय एजेंसियों के साथ मिलकर, बंगाल को बदनाम करने के लिए अशांति पैदा कर रहे हैं। उन्होंने मुर्शिदाबाद अशांति की उचित जांच की मांग की। इस दिन, कुणाल घोष ने कहा कि विरोध प्रदर्शन, सभा, जुलूस लोकतांत्रिक तरीके से हो सकते हैं। जिन जगहों पर हिंसक घटनाएं हुई हैं, वहां आरोप है कि बंगाल को बदनाम करने, मुद्दे उठाने और भड़काने के लिए बीएसएफ की एक टुकड़ी की मदद से कुछ आपत्तिजनक हमलावरों को सीमा से लाया गया है। इलाके के लोग उपद्रव करने वाले चेहरों के मूल आरोपी को नहीं पहचान पा रहे हैं। उपद्रव करने वालों को गिरफ्तार किया जा रहा है। कुणाल घोष ने बीएसएफ के एक वर्ग को भी कटघरे में खड़ा किया है। कुणाल घोष ने यह भी आरोप लगाया कि हमलावर बीएसएफ की मदद से बंगाल में घुस रहे हैं और हमला करने के बाद भाग रहे हैं। कुणाल घोष ने कहा कि आरोप है कि कुछ राजनीतिक दलों ने केंद्र की कुछ एजेंसियों के साथ मिलकर या उस एजेंसी के प्रबंधन के तहत एक गुप्त ब्लूप्रिंट के माध्यम से उपद्रवियों की घुसपैठ कराने, अराजकता पैदा करने और उन्हें हटाने के लिए बीएसएफ की एक टुकड़ी का इस्तेमाल किया। कुणाल का दावा है कि जिन लोगों ने उपद्रव मचाया, उन्हें ढूंढा नहीं जा सकता। लोग उन्हें पहचान नहीं सकते हैं, वे ही हैं जिन्होंने लोगों को गुस्सा दिलाया, वे ही हैं जिन्होंने आग लगाई। उन्होंने इस अशांति के लिए सीधे तौर पर भाजपा को जिम्मेदार ठहराया है। कुणालघोष ने कहा कि इस उकसावे में मत आइए। यह भाजपा का एजेंडा है। हम इस आरोप की सच्चाई जानने के लिए जांच की मांग कर रहे हैं। यह एक गहरी साजिश है।

❑ **मुर्शिदाबाद हिंसा पर तृणमूल का फर्जी तस्वीरें प्रसारित करने का आरोप**

तृणमूल कांग्रेस ने रविवार को दावा किया कि सोशल मीडिया पर हिंसा प्रभावित मुर्शिदाबाद जिले के लोगों की कथित तस्वीरें और वीडियो फर्जी हैं और उसने इसके पीछे साजिश होने का आरोप लगाया। कुणाल घोष ने दावा किया कि हिंसा को दर्शाने वाली तस्वीरों का मुर्शिदाबाद हिंसा से संबंध नहीं हैं बल्कि ये असम, लखनऊ, जालंधर और कर्नाटक सहित विभिन्न स्थानों पर हुई घटनाओं की हैं। कुणाल ने कहा कि जो राजनीतिक दल लोकतांत्रिक तरीके से जीत नहीं सकते, वे शांति भंग करने की ऐसी साजिशों में लिप्त हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा केंद्रीय एजेंसियों का भी दुरुपयोग कर रही है।

### तृणमूल विधायक हुमायूं कबीर ने मुर्शिदाबाद में हुई हिंसा की निंदा की, कहा...

## 'सभी को शांति से रहने का अधिकार'



**कोलकाता/मुर्शिदाबाद :** तृणमूल कांग्रेस के विधायक हुमायूं कबीर ने रविवार को मुर्शिदाबाद जिले में वक्फ (संशोधन) अधिनियम के खिलाफ हुए हिंसक विरोध प्रदर्शन की निंदा की और कहा कि ये हमले इस्लाम की भावना के खिलाफ हैं। मुर्शिदाबाद जिले के भरतपुर से विधायक कबीर ने हिंसा में शामिल अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की आवश्यकता पर जोर देते हुए यह भी कहा कि प्रत्येक नागरिक को, फिर चाहे उसकी धार्मिक मान्यताएं कुछ भी हों, बिना किसी भय के शांतिपूर्वक रहने का अधिकार है। कबीर ने कहा कि यह हमारे देश में स्वीकार्य नहीं है। हर नागरिक को, फिर चाहे उसकी धार्मिक मान्यताएं कुछ भी हों, बिना किसी डर के शांतिपूर्वक तरीके से रहने का अधिकार है। ये हमले निंदनीय हैं और इस्लाम की भावना के खिलाफ हैं। उन्होंने कहा कि प्रशासन को सभी उपद्रवियों को पकड़कर बाहर निकालना चाहिए और सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। शांति बहाल होनी चाहिए। विधायक ने कहा कि सत्तारूढ़ पार्टी के विधायकों और सांसदों को इस समय हिंसा के पीड़ितों के साथ खड़ा होना चाहिए तथा शांति सुनिश्चित करने की दिशा में काम करना चाहिए ताकि बिना किसी गलती के अपने घर छोड़ने को मजबूर हुए लोग वापस लौट सकें।

### कांग्रेस सांसद ने मुर्शिदाबाद में शांति बहाली के लिए सर्वदलीय बैठक बुलाने की मांग

**कोलकाता/मालदह :** कांग्रेस सांसद ईशा खान चौधरी ने हिंसा प्रभावित मुर्शिदाबाद जिले में शांति बहाली के लिए राज्य में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस से सर्वदलीय बैठक बुलाने की रविवार को मांग की। चौधरी ने कहा कि हिंसा के मूल कारणों से निपटने और क्षेत्र में शांति बहाल करने के लिए सभी दलों और समुदाय के नेताओं को एक साथ लाना महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि वह शमशेरगंज जाना चाहते थे, लेकिन पुलिस ने स्थिति को और बिगड़ने से रोकने के लिए उन्हें क्षेत्र का दौरा न करने की सलाह दी। चौधरी ने कहा कि पुलिस ने मुझसे कहा कि मेरे जाने से लोगों की भीड़ जमा हो सकती है, जो इस समय उचित नहीं है। उसके निर्देशों का सम्मान करते हुए मैंने आगे न बढ़ने का फैसला किया है।

## भाजपा सांसद ने ममता से इस्लामी संगठन को दी गई रैली की अनुमति वापस लेने का किया आग्रह



**सिलीगुड़ी/कोलकाता :** दार्जिलिंग लोकसभा सीट से भाजपा के सांसद राजू बिष्ट ने राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए संभावित खतरों का हवाला देते हुए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से सिलीगुड़ी में वक्फ संशोधन अधिनियम के विरोध में रैली आयोजित करने के लिए एक इस्लामी संगठन को दी गई अनुमति को वापस लेने का आग्रह किया। बिष्ट ने शनिवार को ममता बनर्जी को लिखे पत्र में एक इस्लामी समूह द्वारा 15 अप्रैल को आयोजित की जाने वाली रैली पर चिंता व्यक्त की और कहा कि रैली में शामिल होने के लिए बंगाल के बाहर से मुसलमान एकत्र हो रहे हैं। बिष्ट ने पत्र में आरोप लगाया कि यह इस्लामी समूह हिंसा भड़का रहा है और राष्ट्र विरोधी बयान दे रहा है। उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा के दृष्टिकोण से 'चिकेन नेक' क्षेत्र की संवेदनशील स्थिति पर प्रकाश डाला और कहा कि दार्जिलिंग जिले में मुसलमानों की आबादी केवल पांच प्रतिशत है और विरोध प्रदर्शन बाहरी लोगों द्वारा आयोजित किया जा रहा है। दार्जिलिंग से सांसद ने ममता बनर्जी से विरोध रैली के लिये अनुमति वापस लेने, सुनियोजित गड़बड़ी की कोशिश को विफल करने के लिए सिलीगुड़ी और संवेदनशील 'चिकेन नेक' क्षेत्र में अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात करने तथा जनता को आश्वस्त करने के लिए फ्लैग मार्च निकालने का अनुरोध किया।

### मुर्शिदाबाद हिंसा : इस्लामी धर्मगुरु ने विरोध के नाम पर लोगों को निशाना बनाकर किये गये हमले की निंदा की

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुर्शिदाबाद जिले में वक्फ (संशोधन) अधिनियम के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के दौरान हुई हिंसा के बीच इस्लामिक धर्मगुरु मौलाना शफीक ने रविवार को कहा कि विरोध के नाम पर लोगों पर हमला करना इस्लाम के सिद्धांतों के खिलाफ है और इसकी निंदा की जानी चाहिए। कोलकाता में 100 वर्ष से भी ज्यादा पुरानी नखोदा मस्जिद के इमाम शफीक ने यह भी दावा किया कि दूसरे धर्मों के अधिकांश लोग नए अधिनियम के खिलाफ हैं। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने निर्दोष लोगों पर हमले किए हैं, वे वक्फ (संशोधन) अधिनियम के खिलाफ किसी भी लोकतांत्रिक विरोध का हिस्सा नहीं हो सकते। उन्होंने जो किया, वह इस्लाम के सिद्धांतों के खिलाफ है। शफीक ने संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हर किसी को अपने धर्म को मानने का अधिकार है। शफीक ने आरोप लगाया कि कुछ निहित स्वार्थी तत्व जो पश्चिम बंगाल के लोगों को बांटना चाहते हैं और राजनीतिक लाभ के लिए अशांति फैलाना चाहते हैं, उन्होंने यह साजिश रची है। उन्होंने हर समुदाय के सदस्यों से आग्रह किया कि वे उनकी (असामाजिक) चालों से प्रभावित न हों। वरिष्ठ मौलवी ने कहा कि वे 16 अप्रैल को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के साथ प्रस्तावित बैठक का इंतजार कर रहे हैं। शफीक ने कहा कि उस बैठक में बंगाल विभिन्न समुदायों की भागीदारी के साथ शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक तरीके से कानून के खिलाफ लड़ने का रास्ता दिखाएगा। बंगाल विभिन्न समुदायों के बीच सद्भाव बनाए रखने की परंपरा को कायम रखेगा जो सदियों से हमारी पहचान रही है।

**पूर्वोत्तर रेलवे के तहत नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के लिए ट्रेनों की नियंत्रण व्यवस्था**

**संशोधनी**

पूर्वोत्तर रेलवे पर कुसम्ही-गोरखपुर कैंट-गोरखपुर जंक्शन तृतीय लाइन (14 किमी.) के संबंध में गोरखपुर और गोरखपुर कैंट स्टेशनों (3.5 किमी.) के बीच तृतीय लाइन के लिए नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य के चलते ट्रेनों के नियंत्रण के संबंध में पूर्व प्रकाशित उपर्युक्त शीर्षक वाले विज्ञापन के संदर्भ में, निम्नलिखित **संशोधन** किये गए हैं: ● **13019 हावड़ा-काठगोदाम बाघ एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू की तारीख 15.04.2025 से 02.05.2025 = 18 ट्रिप) जिसका पहले मार्ग परिवर्तन किया गया था, अब **उचित मार्ग** यानी **छपरा जंक्शन-गोरखपुर जंक्शन-गोंडा जंक्शन-बाराबंकी जंक्शन** होकर चलेगी। ● **13020 काठगोदाम-हावड़ा बाघ एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू की तारीख 15.04.2025 से 02.05.2025 = 18 ट्रिप) जिसका पहले मार्ग परिवर्तन किया गया था, अब **संशोधित परिवर्तित मार्ग** यानी **बाराबंकी जंक्शन-अयोध्या कैंट.-जौनपुर जंक्शन-वाराणसी जंक्शन-वाराणसी सिटी-औंड़िहार जंक्शन-मऊ जंक्शन-भटनी जंक्शन-छपरा जंक्शन** होकर चलेगी तथा **जरवल रोड, गोंडा जंक्शन, मनकापुर जंक्शन, बभनान, बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर जंक्शन, चौरी चौरा, देवरिया सदर** पर नहीं रुकेगी। असुविधा के लिए खेद है।

**मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक**

**पूर्व रेलवे**

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## संदीप घोष के खिलाफ भ्रष्टाचार का आरोप लगाने वाले डॉ. अख्तर अली का तबादला



**कोलकाता, समाज्ञा :** आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष के खिलाफ सबसे पहले भ्रष्टाचार का आरोप लगाने वाले डॉ. अख्तर अली का उत्तर दिनाजपुर जिले के कालियागंज स्टेट जनरल अस्पताल में तबादला कर दिया गया है। वहां वह उपाधीक्षक (गैर-चिकित्सा) का पद संभालेंगे। डॉ. अली का दावा है कि भ्रष्टाचार का आरोप लगाने के कारण ही उनका स्थानांतरण किया गया है। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, यह एक नियमित स्थानांतरण है। बता दें कि डॉ. अली मुर्शिदाबाद मेडिकल कालेज एवं अस्पताल के उप अधीक्षक (गैर-चिकित्सा) थे। अख्तर ने दावा किया कि भ्रष्टाचार के खिलाफ विरोध करने पर उन्हें संदीप घोष और उनके करीबी सहयोगियों से धमकियां मिलीं। परिणामस्वरूप, उनका अचानक राज्य स्वास्थ्य भर्ती बोर्ड में तबादला कर दिया गया। बाद में, उन्हें मुर्शिदाबाद मेडिकल कॉलेज स्थानांतरित कर दिया गया। मामले की सूचना स्वास्थ्य विभाग को दी गई, लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ।

## अर्जुन सिंह के गढ़ में सेंधमारी, सहकारी बैंक चुनाव में तृणमूल कांग्रेस की निर्विरोध जीत

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना जिले के भाटपाड़ा में तृणमूल ने सहकारी बैंक का चुनाव निर्विरोध जीत लिया है। भाटपाड़ा-नैहाटी सहकारी बैंक सहकारी समिति चुनाव के लिए शनिवार को नामांकन वापस लेने का अंतिम दिन था। पाया गया कि 44 सीटों पर तृणमूल उम्मीदवारों के खिलाफ कोई खड़ा नहीं हुआ। परिणामस्वरूप, तृणमूल बिना किसी लड़ाई के जीत गयी। अब तृणमूल कांग्रेस सहकारी समिति का अध्यक्ष चुनेगी। बता दें कि लंबे अरसे तक भाटपाड़ा से विधायक रहे अर्जुन सिंह कभी इस सहकारी बैंक के अध्यक्ष थे। 2019 में, भाजपा में शामिल होने के बाद जीतू साव इस सहकारी बैंक के अध्यक्ष बने थे। उनके निधन के बाद से अध्यक्ष का पद खाली था। इस बार, चुनाव में विपक्षी पार्टी 44 सीटों में से किसी भी सीट पर उम्मीदवार नहीं दे पाई। परिणामस्वरूप, तृणमूल पूर्ण बहुमत से जीतकर बोर्ड बनाने की राह पर है। गौरतलब है कि कुछ साल पहले भी अर्जुन सिंह की भाटपाड़ा और नैहाटी इलाके में मजबूत पकड़ थी। लेकिन, 24वें लोकसभा चुनाव में बैरकपुर औद्योगिक क्षेत्र से तृणमूल कांग्रेस की भारी जीत के बाद 'बाहुबली' नेता को किनारे कर दिया गया है। अब केवल भाटपाड़ा विधानसभा क्षेत्र ही व्यावहारिक रूप से उनके नियंत्रण में है। उनके बेटे पवन सिंह यहां से भाजपा के विधायक हैं।

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।
www.samagya.in
समाज्ञा
NEWS PAPER ADVERTISING SOLUTION
▪ MATRIMONIAL ▪ EDUCATION ▪ OBITUARY
▪ PROPERTY ▪ NAME CHANGE ▪ REMEMBRANCE
▪ RECRUITMENT ▪ PUBLIC NOTICE ▪ DISPLAY
TO AD IN SAMAGYA PLEASE CONTACT
samagyaadvt@gmail.com | samagya.in
81, Chintamani Dey Road, Howrah 711 101, Mobile: 70444 44522

# तीन बर्खास्त शिक्षकों ने पांचवें दिन भूख हड़ताल की समाप्त, बड़े आंदोलन की योजना

**कोलकाता, समाज्ञा :** तीन स्कूली शिक्षकों ने अपनी अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल रविवार को वापस ले ली और आरोप लगाया कि उन्हें तृणमूल कांग्रेस सदस्यों द्वारा धमकाया जा रहा है। तृणमूल कांग्रेस ने इस आरोप को खारिज करते हुए कहा कि उसने उनके मुद्दे को समर्थन दिया है तथा वह इसके पक्ष में है कि सभी पात्र शिक्षकों को उनकी नौकरी वापस मिले। बता दें कि ये तीनों शिक्षक उन 25,753 व्यक्तियों में शामिल हैं जिनकी नियुक्ति को उच्चतम न्यायालय ने 'अमान्य' करार दिया था। सुमन बिस्वास ने पंकज रॉय और प्रताप कुमार साहा के साथ मिलकर 10 अप्रैल को साल्टलेक स्थित स्कूल सेवा आयोग (डब्ल्यूबीएसएससी)



के कार्यालय आचार्य प्रफुल्ल चंद्र भवन के बाहर भूख हड़ताल शुरू की थी। नदिया जिले के नकाशीपाड़ा हाई स्कूल के पूर्व शिक्षक सुमन बिस्वास ने कहा कि हम इलाके में घूम रहे तृणमूल कार्यकर्ताओं की परोक्ष धमकी के कारण अपनी भूख हड़ताल वापस ले रहे हैं। हालांकि, यहां पुलिस मौजूद है, लेकिन हम घंटों खुले में बैठने में सुरक्षित महसूस नहीं करते। बिस्वास ने कहा कि हमारे मुद्दे पर समर्थन की प्रतिबद्धता जताने वाले लोगों को एकजुट करने के बाद हम भूख हड़ताल फिर से शुरू करेंगे। हम पूरे राज्य में विरोध प्रदर्शन भी तेज करेंगे। हम तब तक चैन से नहीं बैठेंगे जब तक कि एसएससी योग्यता के आधार पर नियुक्ति पाने वाले और रिश्वत देकर नियुक्ति पाने वाले अभ्यर्थियों की सूची प्रकाशित नहीं कर देता। शिक्षकों ने अपनी अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल नारियल पानी पीकर समाप्त की, जो उन्हें एक नागरिक अधिकार कार्यकर्ता ने दिया।

### एसएससी ने शिक्षा विभाग को भेजी 'योग्य' और 'अयोग्य' की सूची

**कोलकाता, समाज्ञा :** 'योग्य' और 'अयोग्य'अभ्यर्थियों के चयन को लेकर उठे विवाद के बीच एसएससी ने करीब 19 हजार बेरोजगार अभ्यर्थियों के नामों की नई सूची शिक्षा विभाग को भेज दी है। सूत्रों के अनुसार, संबंधित सूची में 'योग्य' छंटनी किये गये श्रमिकों के नाम और स्कूलों के नाम सहित विस्तृत जानकारी शामिल है। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद से लगभग 26,000 बेरोजगार शिक्षक और शिक्षाकर्मी यह मांग कर रहे हैं कि अपात्रों की पहचान की जाए। इसके अलावा, वे विरोध प्रदर्शन भी कर रहे हैं और मांग कर रहे हैं कि ओएमआर शीट की प्रतिरूप (मिरर इमेज) प्रकाशित की जाए। शुक्रवार को विकास भवन में शिक्षा मंत्री ब्रत्य बसु और एसएससी अध्यक्षों के साथ हुई व्यापक बैठक के बाद पता चला कि एसएससी ने योग्य और अयोग्य उम्मीदवारों की सूची तैयार करना शुरू कर दिया है। सूची को रविवार तक अंतिम रूप दे दिया जाएगा। कानूनी सलाह के बाद 21 अप्रैल को यह सूची सार्वजनिक की जा सकती है। सूत्रों के अनुसार, एसएससी के पास पहले से ही 'अयोग्य' उम्मीदवारों के नामों की सूची थी। लेकिन जिन लोगों को सुप्रीम कोर्ट के फैसले में 'अयोग्य' नहीं माना गया था, उनके नाम भी नई सूची में शामिल कर लिए गए हैं। सूत्रों ने यह भी बताया कि नई सूची मिलने के बाद शिक्षा विभाग सारी जानकारी की समीक्षा करेगा।

## पांच महीने में फिर बढ़ा मिड-डे मील का आवंटन

**कोलकाता, समाज्ञा :** बढ़ती कीमतों को ध्यान में रखते हुए केंद्र सरकार ने मिड-डे मील के लिए आवंटित राशि में वृद्धि करने का निर्णय लिया है। बाल वाटिका या प्री-प्राइमरी और प्राइमरी में 39 पैसे की वृद्धि की गई है, जबकि उच्च प्राथमिक विद्यालय में 88 पैसे की वृद्धि की गई है। बता दें कि इससे पहले नवंबर 2024 में केंद्र सरकार ने मिड-डे मील के लिए आवंटित धनराशि में बढ़ोतरी की थी। मिड-डे मील के लिए केंद्र सरकार 60 फीसदी, जबकि राज्य सरकार 40 प्रतिशत का भुगतान करता है। पिछले वर्ष की वृद्धि के बाद प्राथमिक में प्रति व्यक्ति आवंटन 6.19 रुपये था। तथा उच्च प्राथमिक स्तर पर यह 9.29



रुपये था। इस बार, पुनः वृद्धि के परिणामस्वरूप प्राथमिक शिक्षा के लिए आबंटन अब बढ़कर 6.78 रुपये हो गया है। जबकि, उच्च प्राथमिक स्तर पर 9.29 रुपये से बढ़कर 10.17 रुपये हो गई है। सरकार ने वस्तुओं की आसमान छूती कीमतों के कारण छात्रों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया है।



**डिविनिटी पवेलियन बैंक्वेट हॉल, श्रीभूमि में श्री शक्ति गोयनका ट्रस्ट द्वारा आयोजित कुलदेवी बरजी दादी के 458वें जन्मोत्सव समारोह में उपस्थित गोयनका परिवार के सदस्य-राधेश्याम गोयनका, नवरत्न गोयनका, गिरधारीलाल गोयनका, गोविन्दराम गोयनका, सुशील गोयनका, रामस्वरूप गोयनका, इन्दर गोयनका, संजय गोयनका, अशोक गोयनका, पवन गोयनका, ईश्वर गोयनका, सुभाष गोयनका, रत्ना गोयनका, इन्दु गोयनका, नीलिमा गोयनका, रेनु गोयनका, राज गोयनका, मंजू गोयनका, शोभा गोयनका एवं आशा गोयनका।**

## दुरंतो एक्सप्रेस में टिकट जांच कर्मियों की सतर्कता से रंगे हाथ पकड़ा गया चोर

**कोलकाता, समाज्ञा :** दुरंतो एक्सप्रेस में शनिवार को एक महिला यात्री से चोरी की कोशिश को विफल करते हुए सियालदह के मुख्य टिकट निरीक्षक (सीआईटी) मानस अधिकारी ने चोर को रंगे हाथों पकड़कर एक सराहनीय कार्य किया। यह घटना तब घटी जब कोच संख्या बी/10 में यात्रा कर रही 45 वर्षीय स्वरनलता जोशी से एक अज्ञात व्यक्ति ने मोबाइल फोन, पर्स और सोने की चेन छीनने की कोशिश की। पीड़िता द्वारा तुरंत शोर मचाने पर पास में मौजूद टिकट निरीक्षक ने तत्परता दिखाते हुए कोच अटेंडेंट, चेकिंग स्टाफ और अन्य यात्रियों की सहायता से चोर को मौके पर ही पकड़ लिया। यह सफलता वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, सियालदह जसराम मीणा द्वारा कर्मचारियों को दी जा रही सकारात्मक और प्रेरणादायक काउंसलिंग का



परिणाम मानी जा रही है। गिरफ्तार आरोपी से बरामद चोरी का सारा सामान तुरंत पीड़िता को लौटा दिया गया, जिन्होंने रेलवे का आभार प्रकट करते हुए इसे राहत की बड़ी बात बताया। आरोपी को सियालदह रेलवे स्टेशन पर जीआरपी के सुपुर्द कर दिया गया है। सियालदह के डीआरएम दीपक निगम ने इस पूरे घटनाक्रम को रेलवे की सशक्त नेतृत्व क्षमता और प्रभावी काउंसलिंग का उत्कृष्ट उदाहरण बताया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की घटनाएं यह दर्शाती हैं कि सही मार्गदर्शन और प्रेरणा से रेलवे स्टाफ यात्रियों की सुरक्षा के लिए किस प्रकार समर्पित हो सकता है।

## उत्तर पूर्वी रेलवे पर नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के कारण ट्रेनों के परिचालन में संशोधन

**कोलकाता :** उत्तर पूर्वी रेलवे के कुश्मी-गोरखपुर कैंट-गोरखपुर जंक्शन तीसरी लाइन (14 किमी) परियोजना के अंतर्गत गोरखपुर और गोरखपुर कैंट स्टेशनों के बीच (3.5 किमी) नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के चलते पहले जारी की गई प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से सूचित ट्रेनों के परिचालन में कुछ संशोधन किए गए हैं।

संशोधित सूचना के अनुसार, 13019 हावड़ा-काठगोदाम बाघ एक्सप्रेस (यात्रा आरंभ तिथि 15.04.2025 से 02.05.2025 तक - कुल 18 फेरे) अपने निर्धारित मार्ग से ही चलेगी, अर्थात छपरा जंक्शन-गोरखपुर जंक्शन-गोण्डा-बाराबंकी जंक्शन के रास्ते। वहीं, 13020 काठगोदाम-हावड़ा बाघ एक्सप्रेस (यात्रा आरंभ तिथि 15.04.2025 से 02.05.2025 तक - कुल 18 फेरे) परिवर्तित मार्ग से चलेगी, जो बाराबंकी जंक्शन-अयोध्या कैंट-जौनपुर जंक्शन-वाराणसी जंक्शन-वाराणसी सिटी-औंरीहार जंक्शन-मऊ जंक्शन-भटनी जंक्शन-छपरा जंक्शन से होकर गुजरेगी।

इस दौरान यह ट्रेन जारवल रोड, गोण्डा जंक्शन, मनकापुर जंक्शन, बभनान, बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर जंक्शन, चौरीचौरा और देवरिया सदर स्टेशनों पर नहीं रुकेगी।

यात्रियों से अनुरोध है कि यात्रा से पूर्व ट्रेनों की स्थिति की जानकारी संबंधित रेलवे स्रोतों से अवश्य प्राप्त कर लें।

### शिक्षा पोर्टल पर बंगाल सरकार ने ओटीपी किया अनिवार्य

**कोलकाता, समाज्ञा :** टैब घोटाले से विकास भवन ने सबक लेते हुए शिक्षा पोर्टल पर निगरानी बढ़ा दी है। सुरक्षा के मद्देनजर अप्रैल में एक अधिसूचना जारी कर नये नियमों की घोषणा की गई है। अब से कोई व्यक्ति केवल अपने आईडी और पासवर्ड से लॉग इन नहीं कर सकता। उसके लिए एक ओटीपी की आवश्यकता होगी, जो केवल स्कूल प्रिंसिपल के पास ही आएगा। ऐसा करने के बाद ही स्कूल अधिकारी 'तरुणेर स्वप्न' से लेकर 'कन्याश्री' तक किसी भी सरकारी परियोजना के पोर्टल तक पहुंच पाएंगे। अधिसूचना में कहा गया है कि लॉग इन करते समय संबंधित मोबाइल नंबर पर एक ओटीपी भेजा जाएगा। वहीं, ओटीपी प्रधानाध्यापकों के पास भी आएगा। परिणामस्वरूप, अब किसी भी सरकारी परियोजना के धन में गबन या भ्रष्टाचार का आरोप लगने पर प्रधानाध्यापक जिम्मेदारी से बच नहीं सकेंगे। इस अधिसूचना सभी जिलों के निरीक्षकों को भेज दिया गया है।



**मुर्शिदाबाद हिंसा और एसएससी भर्ती घोटाले को लेकर आयोजित राज्य भाजपा की रैली में उत्तर कोलकाता जिला अध्यक्ष तमघ्नो घोष, सह संयोजक कमल सिंह, योगेश मिश्रा और नरेश अग्रवाल समेत सैकड़ों कार्यकर्ता-समर्थक उपस्थित रहे।**

## पश्चिम बंगाल 2025 में रिकॉर्ड वृद्धि के साथ भारत की यौन कल्याण क्रांति का नेतृत्व करेगा

**कोलकाता, समाज्ञा :** कभी वर्जित माने जाने वाला यौन कल्याण अब भारत में खुलकर चर्चा का विषय बन रहा है, और पश्चिम बंगाल इस बदलाव का नेतृत्व कर रहा है। राज्य में इस श्रेणी के उत्पादों की मांग में वर्ष 2025 में 179% की अभूतपूर्व वृद्धि दर्ज की गई है। पारंपरिक यौन स्वास्थ्य जहां सुरक्षा और स्वच्छता पर केंद्रित था, वहीं आधुनिक यौन कल्याण अब आनंद, आत्म-देखभाल और भावनात्मक अंतरंगता को महत्व देता है। मालिश तेल, लुब्रिकेंट्स और वयस्क खेलों जैसे उत्पादों की बढ़ती लोकप्रियता इसका संकेत हैं। एलाइड मार्केट रिसर्च के अनुसार, 2030 तक भारत का यौन कल्याण बाजार 2.2 बिलियन डॉलर तक पहुंच सकता है। कोलकाता जैसे मेट्रो शहरों में मायम्यूज जैसे ब्रांड तेजी से लोकप्रिय हो रहे हैं। विवेकपूर्ण ई-कॉमर्स डिलीवरी और सामाजिक स्वीकार्यता ने नए उपभोक्ताओं को जोड़ा है। यह सांस्कृतिक बदलाव बदलते नजरिए और बेहतर जागरूकता के कारण संभव हो पाया है, जिससे पश्चिम बंगाल इस राष्ट्रीय परिवर्तन का केंद्र बन गया है।

## हनुमान जयंती के सुभावसर पर कोलकाता एवं हामीरागाछी क्षेत्र में निःशुल्क प्राथमिक चिकित्सा शिविर का सफल आयोजन

**कोलकाता :** हनुमान जयंती के सुभावसर पर सोसायटी बेनिफिट सर्कल द्वारा हमीरगाछी स्थित संस्था के चिकित्सालय से निःशुल्क प्राथमिक चिकित्सा शिविर का सफल आयोजन किया गया, साथ ही साथ कोलकाता के दमदम क्षेत्र मे स्थित दमदम बालाजी मंदिर के प्रांगण में भी प्रातः 7 बजे से देर रात तक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया था। यह शिविर चैत्र माह के प्रारंभ से ही साधु मेला के उपलक्ष में 30 मार्च से अनवरत चालू है। इन शिविरों से हजारों श्रद्धालुओं की निःशुल्क सेवा की गई। संस्था के अध्यक्ष पवन बंसल के नेतृत्व में संस्था लगातार सेवा कार्य के नए आयामों को छू रही है। सेवा परमो: धर्म: की भावना को आत्मशक्त



करके संस्था सभी कार्यों को संपन्न करते आ रही है। इसी कड़ी में संस्था अति शीघ्र ही कोलकाता के गणेश टॉकीज के निकट चक्षु चिकित्सा केंद्र खोलने जा रही है, जिससे लाखों जरूरतमंदों को लाभ पहुंचेगा। पवन बंसल के साथ संस्था के सभापति बिमल दीवान, प्रधान सचिव आदित्य विक्रम तुलस्यान, सुभाष सावलदावाला, दीपक अग्रवाल, सजन अग्रवाल, उमा शंकर जोशी, महेश काबरा, सुमित झुनझुनवाला, चुन्नी लाल पटेल, बिनोद अग्रवाल आदि की उपस्थित एवं योगदान से शिविर सुचारू रूप से संपन्न हुआ। सभी जानकारी संस्था के प्रधान सचिव आदित्य विक्रम तुलस्यान (चीकू) ने दी।

### बनगांव में भयावह अग्निकांड में नौ दुकानें जलकर राख

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना जिला अन्तर्गत बनगांव में रविवार को भयावह आग लगने से नौ दुकानें जलकर राख हो गईं। सूत्रों के अनुसार, रविवार के तड़के बनगांव के बाटा मोड़ स्थित एक बैग की दुकान में आग लग गई। देखते ही देखते आग आसपास की दुकानों तक फैल गई। बगल में एक पटाखे की दुकान थी, जिसकी वजह से आग ने और भी भयावह रूप धारण कर लिया। घटना की सूचना दमकल विभाग को दी गई। सूचना मिलने पर दमकल की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। दमकल कर्मियों के कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। खबर लिखे जाने तक आग लगने के कारणों और घटना में हुए नुकसान का पता नहीं चल पाया था। दमकल कर्मी मामले की जांच में जुटे हैं। इधर, घटना की सूचना पाकर बनगांव नगरपालिका के चेयरमैन गोपाल सेठ स्थिति का निरीक्षण करने घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने निवासियों से बातचीत कर हालात का जायजा लिया।

## बड़ाबाजार जिला कांग्रेस ने शिक्षक नियुक्ति रद्द और पुलिस दमन के विरोध में सौंपा ज्ञापन



**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष शुभांकर सरकार के आह्वान पर बड़ाबाजार जिला कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने पोस्ता, बड़ाबाजार और नॉर्थ पोर्ट थानों में ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन सुप्रीम कोर्ट द्वारा राज्य के 26,000 शिक्षकों की नियुक्ति रद्द करने और डीआई कार्यालय के पास प्रदर्शन कर रहे शिक्षकों पर पुलिस द्वारा किए गए लाठीचार्ज और दुर्व्यवहार के विरोध में दिया गया। प्रदेश अध्यक्ष के साथ पुलिस द्वारा किए गए दुर्व्यवहार की भी कड़ी निंदा की गई। इस मौके पर कांग्रेस नेता भोला यादव, कालीनाथ सिंह, सुभाष सिंह, प्रदीप साहू, उत्तम सोनकर, पंकज सोनकर, ददन सिंह, रोहित पाठक, विनोद मिश्रा, अंजित, रोनित, सोनू, बबलू सिंह सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## हावड़ा रेलवे स्टेशन पर नशीला पदार्थ खिलाकर लूटपाट करने वाले गिरोह का पर्दाफाश, एक गिरफ्तार

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को नशीला पदार्थ खिलाकर उनकी संपत्ति लूटने वाले गिरोह का पर्दाफाश हुआ है। गत 3 अप्रैल 2025 को बिहार के राम उदय सिंह(50) अपनी बेटी की खोज में हावड़ा स्टेशन पहुंचे और मालदह जाने के लिए ट्रेन पकड़ने की कोशिश कर रहे थे। गलती से उन्होंने प्लेटफॉर्म नंबर 6 से ट्रेन संख्या 12347 (शहीद एक्सप्रेस) में चढ़ाई, जो मालदह नहीं जा रही थी। यात्रा के दौरान, आरोपी अशोक कुमार ने उदय सिंह से मित्रता की और उन्हें नशीला पदार्थ मिलाए हुए स्नैक्स और पेय पदार्थ दिए। इनका सेवन करने के बाद, उदय सिंह बेहोश हो गए और अशोक कुमार ने उनकी 9 हजार रुपये नकद और मोबाइल फोन चुरा लिया। बेहोशी की हालत में सिंह को प्लेटफॉर्म 6/7 पर आरपीएफ कर्मियों ने पाया और उन्हें




हावड़ा जनरल अस्पताल में भर्ती कराया। घटना की सूचना मिलते ही सीआईबी एडीएस और आरपीएफ उत्तर पोस्ट ने मामले की जांच शुरू की। जीआरपीएस हावड़ा में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया।

आरपीएफ टीम ने जांच करते हुए 12 अप्रैल को प्लेटफॉर्म 6 और 7 के पास से अशोक कुमार को रंगे हाथ गिरफ्तार किया। उसके पास से एक नीला बैग, संदिग्ध पदार्थ, नशीली गोलियां और लूटी गई संपत्ति बरामद हुई। आरोपी अशोक कुमार को गिरफ्तार कर हावड़ा कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस आगे की जांच कर रही है।

### राष्ट्रीय सुरक्षित मातृत्व दिवस पर मंडल रेल अस्पताल, मालदा में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**कोलकाता :** राष्ट्रीय सुरक्षित मातृत्व दिवस के अवसर पर 11 अप्रैल 2025 को मंडल रेल अस्पताल, मालदा के ओपीडी परिसर में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य मातृत्व स्वास्थ्य और महिलाओं की संपूर्ण भलाई को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम में स्वास्थ्यकर्मियों के साथ-साथ ओपीडी में आए मरीजों ने भी सक्रिय रूप से भाग लिया। इस अवसर पर अपर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राहुल चौधरी ने एक संवादात्मक सत्र का नेतृत्व किया, जिसमें उन्होंने गर्भधारण से पूर्व देखभाल के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि गर्भधारण से पहले आवश्यक स्वास्थ्य जांच, जैसे हीमोग्लोबिन स्तर, रक्त शर्करा, थायरॉयड की जाँच और वजन की जांच अत्यंत आवश्यक हैं, जिससे एक स्वस्थ और सुरक्षित गर्भावस्था सुनिश्चित की जा सके। डॉ. चौधरी ने 'सम्पूर्ण स्वस्थ जन्म अभियान' के अंतर्गत पोषण संबंधी अनुपूरक, संतुलित आहार और स्वस्थ जीवनशैली की भूमिका को भी रेखांकित किया, जो महिलाओं को सुरक्षित मातृत्व के लिए सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

## पूर्व रेलवे ने सख्ती और सद्भावना के साथ स्वच्छता अभियान को दी नई दिशा

कोलकाता, समाज्ञा : पूर्व रेलवे ने स्टेशन परिसरों की साफ-सफाई और रेल पटरियों को कचरा-मुक्त बनाने के लिए अपनी स्वच्छता मुहिम को और भी सख्त बना दिया है। उपनगरीय स्टेशनों पर यात्री संख्या अधिक होने के बावजूद रेलवे स्वच्छ, सुरक्षित और सुखद यात्रा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। पूर्व रेलवे ने विभिन्न जागरूकता अभियानों की शुरुआत की है, जिसमें स्वास्थ्य विभाग, रेलवे सुरक्षा बल और स्टेशन स्टाफ की सक्रिय भागीदारी है। यह अभियान यात्रियों को स्वच्छता के महत्व के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ कचरा प्रबंधन और सार्वजनिक स्थानों पर थूकने से बचने के लिए प्रेरित करता है। जनवरी से मार्च 2025 तक, रेलवे ने स्वच्छता नियमों का उल्लंघन करने पर 31,576 लोगों से 32,31,740 का जुर्माना वसूला है।



इस कदम का उद्देश्य न केवल अनुशासन लागू करना है, बल्कि यात्रियों के व्यवहार में स्थायी बदलाव लाना भी है। 12 अप्रैल 2025 को बालीगंज स्टेशन पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिसमें कूड़ा फेंकने और थूकने वालों पर कार्रवाई की गई। इस दौरान लगभग 15 लोगों को पकड़ा गया। रेलवे ने स्वच्छता के प्रति अनुकरणीय व्यवहार दिखाने वाले यात्रियों और विक्रेताओं को गुलाब के फूल देकर सम्मानित किया।

## मेट्रो यात्री को मिला खोया हुआ बैग

**कोलकाता :** नेताजी मेट्रो स्टेशन पर तैनात ड्यूटी पर मौजूद आरपीएफ स्टाफ द्वारा नियमित गश्त के दौरान प्लेटफॉर्म से एक लावारिस बैग बरामद किया गया। उक्त बैग को तुरंत स्टेशन मास्टर के कार्यालय में जमा कराया गया। बैग को खोलने पर उसमें कुछ कीमती सामान पाए गए।

इसके पश्चात स्टेशन मास्टर ने बैग के वास्तविक मालिक तक जानकारी पहुँचाने के लिए मेट्रो स्टेशन पर कई बार घोषणाएँ कीं और सभी स्टेशनों को एक नियंत्रण संदेश भी भेजा गया।

कुछ समय बाद एक पुरुष यात्री नेताजी मेट्रो स्टेशन के स्टेशन मास्टर कार्यालय पहुंचे और उस बैग को अपना बताते हुए दावा किया। समुचित सत्यापन और सभी औपचारिक प्रक्रियाएं पूरी करने के बाद वह बैग और उसमें



मौजूद सभी वस्तुएँ उन्हें सौंप दी गईं।

यात्री ने मेट्रो रेल प्रशासन का हृदय से आभार प्रकट करते हुए कहा कि उन्हें खोया हुआ बैग और उसमें रखा हुआ सारा सामान वापस मिलने पर अत्यंत खुशी हुई है। मेट्रो रेलवे की तत्परता और ईमानदारी के लिए उन्होंने धन्यवाद व्यक्त किया।

## ओम दयाल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस का वार्षिक टेक्नोलॉजी फेस्ट 'वॉयेज 2025' संपन्न

**कोलकाता, समाज्ञा :** ओम दयाल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में 11-12 अप्रैल को वार्षिक टेक्नोलॉजी फेस्ट 'वॉयेज 2025' का भव्य आयोजन किया गया। यह आयोजन आईक्यूएसी और इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल (आईआईसी) द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें कॉलेज के सात विभागों समेत देशभर के 16 अन्य संस्थानों के छात्रों ने भाग लिया।

इस फेस्ट का उद्देश्य छात्रों को नवाचार और टीमवर्क के माध्यम से व्यावहारिक ज्ञान अर्जित करने का मंच प्रदान करना था। कंप्यूटर साइंस विभाग द्वारा 'इमोशन-ड्रिवन म्यूजिक प्लेयर', सिविल द्वारा 'शंखाकार स्थायी इमारत', मैकेनिकल का 'कॉम्पैक्ट विंड पावर जेनरेटर', इलेक्ट्रिकल का 'हाई एक्युरेसी मोटर




प्रोटेक्शन मॉड्यूल' और बेसिक साइंस का 'स्मार्ट होम ऑटोमेशन' प्रमुख मॉडल रहे।

इस समारोह का उद्घाटन 11 अप्रैल को दीप प्रज्वलन से हुआ, जिसमें सचिव आलोक टिबरेवाल, सागर अग्रवाल, नताशा अग्रवाल, प्राचार्य डॉ. योगेश कुमार सिन्हा व डॉ. प्रसेनजीत सेन उपस्थित रहे। उद्योग जगत से राज राय (सीईओ, अद्याक्षर लैब्स) ने छात्रों को मार्गदर्शन दिया। 'वॉयेज 2025' नवाचार व उत्कृष्टता की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम सिद्ध हुआ।

# मुर्शिदाबाद में हिंसा की चपेट में आए तृणमूल विधायक, मोनिरुल इस्लाम के घर पर तोड़फोड़ व लूटपाट

## तृणमूल विधायक ने पुलिस पर बोला हमला

**मुर्शिदाबाद :** वक्फ कानून को लेकर मुर्शिदाबाद में हिंसक विरोध प्रदर्शन के बाद हालात तनावपूर्ण बने हुए हैं। हिंसा के समय फरक्का के तृणमूल कांग्रेस विधायक मोनिरुल इस्लाम भी गुंडों के हाथों से नहीं बचे। उनके घर में तोड़फोड़ और लूटपाट की गई। आरोप है कि तोड़फोड़ के बाद घर में आग लगाने की भी कोशिश की गई। हिंसा की इस भयावह तस्वीर को देखने के बाद तृणमूल विधायक पुलिस थाने पहुंचे। बता दें कि मोनिरुल इस्लाम का घर मुर्शिदाबाद के शमशेरगंज पुलिस स्टेशन से महज 100 मीटर की दूरी पर है। बताया गया है कि गत शनिवार की रात उनके घर पर प्रदर्शनकारियों का हमला हुआ। जिस समय विधायक के घर में आग लगाने की भी कोशिश की गई, उस



समय फरक्का से तृणमूल विधायक घर पर थे। जान का खतरा देखने के बाद वो किसी तरह से पुलिस स्टेशन पहुंचे। बाद में, हमले की खबर मिलने पर सांसद खलीलुर्रहमान उनसे मिलने गए। हमले के बारे में बताते हुए मोनिरुल इस्लाम ने कहा कि अचानक से आए कुछ लोगों ने घर में तोड़फोड़ की। घर के सामने आग लगा दी। परिवार के लोग डर की वजह से घर पर नहीं रह रहे हैं बल्कि कहीं और शरण लिए हुए हैं। लेकिन उन्होंने कहा कि चाहे कुछ भी हो जाए, मैं घर पर अकेला ही रहूंगा। क्षेत्र की स्थिति पर अपना गुस्सा जाहिर करते हुए उन्होंने कहा कहा कि हमें सुरक्षा चाहिए। अगर हम जनप्रतिनिधि ही सुरक्षित नहीं हैं तो आम लोगों को सुरक्षा कैसे मिलेगी? मेरी कार में तोड़फोड़ की गई। क्या आगे भी ऐसा होता रहेगा? पुलिस की ओर से चूक हुई है। मुझ पर बार-बार हमला किया गया है। बिल्कुल भी सुरक्षा नहीं है। पुलिस हम प्रतिनिधियों को भी सुरक्षा देने में असफल रही है। छोटे लड़कों ने मेरे घर पर हमला किया।

# 'देखते ही गोली मारने का आदेश जारी करें, एक दिन में ही शांति हो जाएगी', मुर्शिदाबाद हिंसा पर बोले अर्जुन सिंह

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुर्शिदाबाद में हुई हिंसा को लेकर भाजपा नेता और पूर्व सांसद अर्जुन सिंह ने रविवार को कहा कि उपद्रवियों को देखते ही गोली मारने का आदेश जारी करना चाहिए। एक दिन में ही मुर्शिदाबाद में शांति हो जाएगी। इस दिन, भाटपाड़ा के मजदूर भवन में मीडिया को संबोधित करते हुए अर्जुन सिंह ने कहा कि मैं उच्च न्यायालय को आग से तबाह मुर्शिदाबाद में शांति बहाल करने के लिए केंद्रीय बलों की तैनाती का आदेश देने के लिए धन्यवाद देता हूं। हालांकि, मुझे लगता है कि न्यायालय को देखते ही गोली मारने का आदेश जारी करने की जरूरत है। तभी सब कुछ ठीक होगा। इससे



पहले दिन में पूर्व सांसद अर्जुन सिंह ने अपने एक्स हैंडल पर ऐसा ही एक वीडियो ट्वीट किया और दावा किया कि ममता बनर्जी के कुशासन में एक हिंदू परिवार को हिंसा से अपनी जान बचाने के लिए नदी पार कर मालदह के वैष्णवनगर के परलालपुर हाई स्कूल में शरण लेने के लिए मजबूर होना पड़ा। ट्वीट के बारे में अर्जुन सिंह ने कहा कि यह बिल्कुल सही है कि मैंने मुर्शिदाबाद के धुलियान में मौजूदा स्थिति को उजागर करते हुए ट्वीट किया। दरअसल, मुर्शिदाबाद जिले को हिंदू मुक्त बनाने की कोशिश हो रही है। पिछले तीन दिनों से पुलिस की मदद से वहां हिंसा चल रही है। एक हिंदू परिवार को मौत के घाट उतार दिया गया है और पुलिस अधिकारी बड़ी-बड़ी बातें कर रहे हैं। अगर मुख्यमंत्री असल में हिंदू हैं तो उन्हें खुलकर बताना चाहिए कि मुर्शिदाबाद में अशांति के लिए कौन सा समुदाय जिम्मेदार है। वह ढोंगी बन रही हैं और दंगे भड़का रही हैं। अगर बंगाल की संस्कृति और विरासत को नष्ट करने के लिए कोई जिम्मेदार है तो वह ममता बनर्जी हैं।

## कोना एक्सप्रेसवे पर चलती कार में लगी आग, बाल-बाल बचे यात्री

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा के कोना एक्सप्रेसवे पर शनिवार शाम को चलती हुई गाड़ी में आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। गाड़ी पश्चिम मेदिनीपुर से कोलकाता की ओर जा रही। पुलिस सूत्रों के अनुसार, मौखाली क्रॉसिंग के पास जब गाड़ी में गैस भराई जा रही थी, उसी दौरान कार में तेज धमाके के साथ आग भड़क उठी। गाड़ी में चालक समेत कुल चार लोग सवार थे, जो समय रहते बाहर निकलने में सफल रहे और किसी को कोई गंभीर चोट नहीं आई। आग इतनी भीषण थी कि दमकल की एक गाड़ी के पहुंचने तक कार पूरी तरह जलकर खाक हो चुकी थी। आग लगने के कारणों का अभी तक स्पष्ट पता नहीं चल पाया है, लेकिन शुरुआती जांच में शॉर्ट सर्किट की आशंका जताई जा रही है।

## प्रेमिका के अपमान का बदला लेने पहुंचे युवक की हत्या, आरोपी फरार

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा के लिलुआ स्थित बामनगाछी इलाके में दो सहेलियों के बीच चल रहे विवाद ने एक युवक की जान ले ली। मृतक का नाम सागर तिवारी है। वहीं, आरोपी मनु शर्मा घटना के बाद से फरार है। मिली जानकारी के अनुसार, सागर और मनु की प्रेमिकाएं आपस में सहेलियां थीं और चारों में पहले अच्छे संबंध थे। लेकिन कुछ दिनों बाद उनके बीच मतभेद होने लगे। आरोप है कि मनु और उसकी प्रेमिका ने सागर की प्रेमिका को फोन पर अपशब्द कहे और अपमानित किया। जब सागर को इसका पता चला, तो वह गुस्से में शुक्रवार रात मनु से मिलने बामनगाछी ब्रिज के पास पहुंचा। सागर



अपने दोस्तों को लेकर वहां गया था, जबकि मनु भी अपने साथियों के साथ आया था। कहा-सुनी के बाद दोनों के बीच विवाद बढ़ गया और सागर के सिर पर बांस से वार किया गया, जिससे वह मौके पर ही गिर पड़ा। स्थानीय लोगों ने सागर को अस्पताल पहुंचाया, जहां शनिवार रात उसकी मौत हो गई। रविवार को सागर के परिवार ने लिलुआ थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई। सागर तिवारी हावड़ा के जगदीशपुर, सेनपाड़ा का निवासी था, जबकि आरोपी मनु शर्मा हावड़ा के पिलखाना का रहने वाला है। लिलुआ पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और आरोपी की तलाश जारी है।

# रंगदारी नहीं देने पर वन विभाग के कर्मचारी पर हमला, चार गिरफ्तार

**बांकुड़ा :** मांग के अनुसार रंगदारी नहीं लेने पर लकड़ी परिवहन के एक वाहन को रोकने पर वन विभाग के कर्मचारियों की कथित तौर पर पिटाई कर दी गई। बांकुड़ा के सोनामुखी थाने की पुलिस ने इस घटना में चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार व्यक्तियों को रविवार को बिष्णुपुर उपजिला न्यायालय में पेश किया गया और न्यायाधीश ने उन्हें 14 दिनों की जेल हिरासत में भेजने का आदेश दिया। वन विभाग के सूत्रों के अनुसार, शनिवार को सोनामुखी थाना के दक्षिणशोल गांब से सटे जंगल से बन विभाग की दो गाड़ियां लकड़ी लेकर जा रही थीं। आरोप है कि पांच स्थानीय बदमाशों ने दक्षिणशील



जंगल के निकट भीमारा के पास दोनों वाहनों को रोका और एक निश्चित रकम की मांग की। जब वन कर्मियों ने मांगी गई रकम देने से इनकार कर दिया तो बदमाशों ने उन पर हमला कर दिया और उन्हें बुरी तरह पीटा। इस घटना में दो वन कर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए। आरोप है कि वन कर्मियों के हाथ में मौजूद दो बालान भी फाड़कर नष्ट कर दिए गए। सूचना मिलने पर सोनामुखी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। दो घायल वन कर्मियों को बचा लिया गया और उन्हें सोनामुखी ग्रामीण अस्पताल ले जाया गया। घटना में शामिल दो बदमाशों को घटनास्थल से गिरफ्तार कर लिया गया। बाद में, पुलिस ने दो और अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार किए गए लोगों के नाम गंगाधर घोष, सुभाष रॉय, सीमेन मुखर्जी और बिकास बाउरी हैं। पुलिस ने फरार चल रहे एक अन्य अपराधी की तलाश शुरू कर दी है। इस बीच, जब गिरफ्तार किए गए चारों लोगों को रविवार को विष्णुपुर उपजिला न्यायालय में पेश किया गया तो न्यायालय ने आदेश दिया कि उनमें से प्रत्येक को 14 दिनों तक जेल हिरासत में रखा जाए।

## नवनिर्मित जगन्नाथ मंदिर के उद्घाटन पर मुख्य सचिव ने की उच्च स्तरीय बैठक

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी 30 अप्रैल को दीघा में नवनिर्मित जगन्नाथ मंदिर का उद्घाटन करेंगी। उद्घाटन से पहले शनिवार को मुख्य सचिव मनोज पंत ने जगन्नाथ मंदिर पर एक बैठक की। बताया जा रहा है कि बैठक में उद्घाटन समारोह से पहले और बाद की स्थिति की समीक्षा की गई तथा साथ ही उस दिन की समग्र व्यवस्थाओं पर भी चर्चा की गई। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, उद्घाटन समारोह में 12-14 हजार लोग शामिल हो सकते हैं। वीआईपी की संख्या 200-250 होंगी। इसीलिए पूरे चौक को पुनः सजाया जा रहा है। सुरक्षा उपायों को और कड़ा किया जा रहा है। उचित यातायात प्रबंधन पर भी जोर दिया जा रहा है। पुलिस यह सुनिश्चित करने पर विशेष ध्यान दे रही है कि उद्घाटन



समारोह के दिन समुद्र तटीय शहर में यातायात की भीड़भाड़ न हो। साथ ही, आवास, मंच निर्माण और कार्यक्रम कार्यक्रम पर विशेष जोर दिया गया है। प्रशासन ने कहा है कि 27 अप्रैल से एक मई तक दीघा के किसी भी सरकारी गेस्ट हाउस में पर्यटकों को नहीं ठहराया जाएगा। इनमें से अधिकांश गेस्ट हाउस दीघा-शंकरपुर विकास एजेंसी (डीएसडीए) के अधीन हैं। उस समय सरकारी मेहमानों के लिए गेस्ट हाउस तैयार रखने को कहा गया है।

## गार्डेनरीच-मटियाबुर्ज में धूमधाम निकली हनुमान जयंती की शोभायात्रा



**कोलकाता :** पोर्ट अंचल स्थित गार्डेनरीच-मटियाबुर्ज में हनुमान जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर रात मुदियाली से एक भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया जिसमे हजारों श्रद्धालु शामिल हुए। इस दौरान सुरक्षा की भारी व पुख्ता व्यवस्था की गई थी। महेशतल्ला नगरपालिका के टीजी रोड वार्ड एक में स्थित हनुमान मंदिर में पूजा-आरती के बाद उक्त शोभायात्रा का समापन हुआ। हनुमान मंदिर के संयोजक व स्थानीय वार्ड एक के तृणमूल पार्षद सत्येन्द्र सिंह ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि, इस हनुमान मंदिर के प्रति दूर दराज के लोगों में अपार आस्था है और अन्य दिन की बात छोड़ दें तो हर मंगलवार को इस मंदिर में बजरंगी के भक्तों की भारी भीड़ होती है। तृणमूल पार्षद सत्येन्द्र सिंह के अनुसार हर साल की तरह इस साल भी मंदिर में पूजा-आरती व अन्य कार्यक्रम संपादित हुए। उक्त अवसर पर मुदियाली से शुरु होने वाले हनुमान जयंती शोभायात्रा कमेटी के पदाधिकारी व श्रद्धालु व भक्तगण शामिल हुए।

# सीकर नागरिक परिषद द्वारा हनुमान जन्मोत्सव पर निःशुल्क नुक्कड़ शिविर

**कोलकाता/हावड़ा :** सीकर नागरिक परिषद (कोलकाता) द्वारा रविवार को परिषद का 99वां निःशुल्क नुक्कड़ सामान्य चिकित्सा शिविर का आयोजन हावड़ा के लिलुआ में हनुमान मन्दिर में पास के नुक्कड़ पर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। शिविर में 221 मरीजों का सामान्य जांच (ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, पल्स आदि) कर जरूरतमंद मरीजों को दवाइयां भी प्रदान की गईं। सभी परीक्षणार्थीयों का नेत्र परीक्षण भी किया गया। 170 मरीज चश्मे योग्य पाए गए, जिनमें 121 मरीजों को तुरंत ही चश्मे दे दिया गया और बाकी लोगों को शीघ्र ही प्रदान किए जाएंगे। 5 मरीज ऑपरेशन योग्य पाए गए, जिनके ऑपरेशन जल्द ही करवा जाएगा। हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर परिषद द्वारा सभी परीक्षणार्थीयों में वस्त्र, बिस्कुट एवं नमकीन भी वितरण किया। ये



जानकारियां संयोजक रतन कुमार सीकरिया एवं सह संयोजक राजकुमार अग्रवाल ने दी।

परिषद के अध्यक्ष एमिरेट्स घनश्याम प्रसाद सोभासरिया ने कहा, हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर आयोजित यह सेवा शिविर जनकल्याण का प्रतीक है। ऐसे कार्य समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक राहत पहुंचाने का सशक्त माध्यम हैं। परिषद परिवार इस सेवा भावना के साथ आगे भी समाज हित में कार्य करता रहेगा।

अध्यक्ष अरविंद बियानी एवं सचिव रवि शंकर सिकारिया ने शिविर की सफलता पर धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कहा, सामाजिक उत्तरदायित्व निभाने की दिशा में यह एक सार्थक प्रयास है, जो सभी के सहयोग से संभव हुआ है। साथ ही उन्होंने बताया परिषद द्वारा जल्द ही 100 वॉ निःशुल्क नुक्कड़ सामान्य चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जायेगा। जो कि परिषद के लिये मिल का पत्थर साबित होगा। स्थानिय व्यवस्था में घनश्याम झा (गुहा रोड हनुमान मंदिर लिलुआ के प्रमुख पुजारी) एवं कुसुम अग्रवाल का भरपूर सहयोग रहा।

शिविर को सफल बनाने में रवि लोहिया, आदित्य बियानी, आन्नद अग्रवाल, महेश जोगानी, मधुसूदन बियानी, ललित थर्ड, गोपाल सीकरिया, विशेष सराफ, शुभम सिन्हा, राजेश साव, मनोज यादव, राखाल राय एवं उनकी सहयोगी टीम का भरपूर सहयोग रहा।

## पानीहाटी में नदी में डूबे यूपी के दो युवक, एक का शव बरामद व दूसरे की तलाश

**कोलकाता, समाज्ञा :** पानीहाटी में गंगा नदी में स्नान करने के दौरान दो युवक गंगा में डूब गये। एक व्यक्ति का शव बरामद किया गया है, जबकि एक अन्य व्यक्ति की तलाश जारी है। इस घटना से इलाके में हड़कंप मच गया है। यह घटना उत्तर 24 परगना के पानीहाटी नगरपालिका के वार्ड तीन के धरनाथ बाबू घाट में घटी। गोताखोरों की मदद से तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। क्षेत्रवासियों का दावा है कि शनिवार की रात करीब 2 बजे पांच दोस्त इस गंगा घाट पर आए थे। अचानक दो युवक गंगा में नहाने उतरे। उसी समय के गंगा में डूब गये। अन्य मित्रों ने यह बात नोटिस की। वे चिल्लाने लगे। यह सुनकर स्थानीय निवासी दौड़कर आये। पूरी



घटना की सूचना तुरंत खड़दह पुलिस थाने को दी गई। पुलिस वहां पहुंची और गोताखोरों को भेजकर एक व्यक्ति का शव बरामद किया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, मृतक युवक का नाम अनुराग पाल (27) है। हालांकि, आदित्य पाल नामक एक अन्य व्यक्ति का शव अभी भी लापता है। खड़दह थाने की पुलिस गंगा में गोताखोरों को भेजकर उसकी तलाश करा रही है।

## राष्ट्रपति मुर्मू कल्याणी एम्स के दीक्षांत समारोह में लेंगी भाग

**कोलकाता, समाज्ञा :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू फिर पश्चिम बंगाल दौरे पर आ रही हैं। राष्ट्रपति एम्स कल्याणी के प्रथम वार्षिक दीक्षांत समारोह में भाग लेने के लिए राज्य में आ रही हैं। दीक्षांत समारोह 23 अप्रैल को दोपहर 12 बजे कल्याणी एम्स के ऑडिटोरियम में आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में राष्ट्रपति के अलावा केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा और राज्यपाल सीवी आनंद बोस के भी मौजूद रहने की उम्मीद है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू कल्याणी एम्स के प्रथम दीक्षांत समारोह में आ रही हैं। हालांकि, राज्य सरकार की ओर से दीक्षांत समारोह के लिए जारी आमंत्रण पत्र पर अभी तक किसी का नाम नहीं लिखा गया है। अंततः, यह संदेह है कि किसी राज्य प्रतिनिधि को आमंत्रित किया जाएगा या नहीं। बता दें कि राष्ट्रपति ने पिछली बार राज्य का दौरा अगस्त 2023 में किया था।

## वार्ड 17 में आयोजित रक्तदान शिविर में मंत्री अरुप राय ने लिया भाग

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा नगर निगम के वार्ड 17 तृणमूल कांग्रेस कमेटी की ओर से एमसी घोष लेन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्र के विधायक व राज्य के मंत्री अरूप राय मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए। इसके अलावा, कार्यक्रम में मध्य हावड़ा तृणमूल कांग्रेस के उपाध्यक्ष प्रेम प्रकाश सिंह व अन्य शामिल रहे। मंत्री अरूप राय ने कहा कि रक्तदान मरीजों के लिए महादान के समान है। विशेषकर गर्मी के इस मौसम में बड़े पैमाने पर गंभीर मरीजों को रक्त न मिल पाने की



समस्या होती है। ऐसे में इस प्रकार की पहल काफी जरूरी है। समाजसेवी व मध्य हावड़ा तृणमूल कांग्रेस के उपाध्यक्ष प्रेम प्रकाश सिंह ने कहा कि क्षेत्र के युवाओं की भागीदारी से ही यह अभियान सफल हो सका है। बड़ी संख्या में लोगों ने रक्तदान किया। आने वाले समय में ऐसे सामाजिक कार्य जारी रहेंगे। मंत्री अरूप राय ने कार्यक्रम में पहुंचकर रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाया।

# हरियाणा इंटरनेशनल एकेडमी का भव्य रूप से हुआ उद्घाटन

**कोलकाता, समाज्ञा :** हरियाणा इंटरनेशनल एकेडमी ने रविवार को अपने नए परिसर का विधिवत उद्घाटन किया। यह आयोजन स्कूल के मुख्य ऑडिटोरियम में संपन्न हुआ, जिसमें गणमान्य अतिथि, शिक्षक, अभिभावक, छात्र और स्थानीय समुदाय के सदस्य एकत्रित हुए। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि प्रो. अनुराधा लोहिया के साथ पद्मश्री सज्जन भजनका, हरि कृष्ण चौधरी और विधाननगर पुलिस आयुक्त, मुकेश कुमार विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। अन्य उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों में ट्रस्ट के चेयरमैन सजन कुमार बंसल, वाईस चेयरमैन रामचंद्र बड़ोपलिया, ट्रस्ट के अध्यक्ष सुरेश चंद बंसल, स्कूल समिति के अध्यक्ष प्रमोद कुमार गुप्ता, संस्थापक ट्रस्टी गिरधारी लाल सिंघल, हरियाणा शिक्षा केंद्र




के महासचिव प्रहलाद कुमार धनानिया, विधायक तापस चटर्जी, आनंद गुप्ता, राधेश्याम गुप्ता, महावीर प्रसाद अग्रवाल, श्याम सुंदर अग्रवाल, ललित बेरीवाल, पुरुषोत्तम राय बंसल, श्याम सुंदर जिंदल, अशोक बंसल, डॉ. सौरभ धनानिया, दयाशंकर रावलवासिया, सत्यनारायण देवरालिया, देवराज रावलवासिया, जयदेव रावलवासिया, दीनदयाल गुप्ता और अन्य ट्रस्टी सदस्य शामिल थे। इस समारोह की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई, जो ज्ञान की अंधकार पर विजय का प्रतीक है। इस अवसर पर गणेश वंदना और शिक्षिकाओं द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई, जिससे वातावरण भक्तिमय और आध्यात्मिक बन गया। स्कूल के प्रधान सलाहकार, प्रसिद्ध मनोवैज्ञानिक डॉ. अमिताभ मोहन ने विद्यालय के मिशन और दृष्टि पर प्रकाश डाला, जिसमें भविष्य में वैश्विक नेताओं का निर्माण करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की गई। इसके बाद, अतिथियों का सम्मान किया गया और विद्यालय के प्रस्ताविका का विमोचन किया गया, जिसमें संस्थान की उपलब्धियां और उद्देश्य प्रस्तुत किए गए। ट्रस्ट के अध्यक्ष सजन कुमार बंसल ने उद्घाटन भाषण में एचआईए की स्थापना के पीछे की दृष्टि और उद्देश्य पर चर्चा की, जबकि ट्रस्ट के अध्यक्ष और संस्थापक ट्रस्टी ने संस्थान की गुणवत्ता और मूल्य-आधारित शिक्षा प्रदान करने की प्रतिबद्धता को दोहराया। मुख्य अतिथि प्रो. अनुराधा लोहिया ने अपने संबोधन में छात्रों को निडर होकर सपने देखने, समर्पण के साथ उत्कृष्टता की ओर बढ़ने और मजबूत नैतिक मूल्यों पर आधारित रहने के लिए प्रेरित किया। समारोह का समापन स्कूल समिति के अध्यक्ष प्रमोद कुमार गुप्ता द्वारा धन्यवाद ज्ञापन से हुआ, जिसमें सभी उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया गया। मंच का कुशल संचालन शिव प्रकाश चंडालिया ने किया।

# धूमधाम से मना श्री सालासर बालाजी सेवक वृंद (बांधाघाट) का 33वां श्री हनुमान जन्मोत्सव

**हावड़ा, समाज्ञा :** श्री सालासर बालाजी सेवक वृन्द, बांधाघाट का 33वां श्री हनुमान जन्मोत्सव इस बार भी सालासर बालाजी के भक्तों पर एक अमिट छाप छोड़ गया। शनिवार को हनुमान जन्मोत्सव पर श्री श्याम मंदिर घुसुड़ीधाम के सभागार में मनोज खेमका व नीतेश अग्रवाल के निर्देशन में राजस्थान के विश्व वंदनीय श्री सालासर बालाजी का ऐसा दरबार सजाया गया कि आने वाले हर श्रद्धालु ने यही महसूस किया कि वह सालासर धाम में ही है। रवि शर्मा सूरज द्वारा प्रस्तुत श्री गणेश वंदना के साथ शुरु हुए इस महोत्सव में अखण्ड ज्योति, छप्पन भोग, सामूहिक सुंदरकाण्ड पाठ, संगीतमय भजन कीर्तन और भण्डारा प्रसाद का विराट आयोजन हुआ जिसमें भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। महोत्सव में भक्तों के आकर्षण का केन्द्र बने इस सालासर दरबार में भक्तों के आने का



सिलसिला देर तक चलता रहा। इस अवसर पर श्रद्धेय पं. मालीराम शास्त्री, संस्थापक मोतीलाल भुवालका, मुख्य संरक्षक प्रदीप कुमार गुप्ता, संरक्षक विजय-सरला गुजरवासिया, बिनोद टिबड़ेवाल, नवल सुल्तानिया, सुरेन्द्र अग्रवाल, केप्टन सुनील कुमार, संतोष ढांढनिया, संजय हरलालका, महेन्द्र अग्रवाल, चन्द्रकान्त सराफ, राजकुमार शर्मा, राज कुमार बोथरा, अरविन्द सिंह, सांवरमल अग्रवाल सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। संकीर्तन के मध्य लगातार 33वीं बार अपनी धर्मपत्नी सरला गुजरवासिया के साथ इस महोत्सव का ज्योति प्रज्वलन बिजय गुजरवासिया ने किया। इस अवसर पर सेवक वृन्द परिवार के अन्यतम आधार स्तंभ संदीप गुप्ता (सोनू) का उनकी स्वर्ण जयंती पर विशेष रूप से अभिनन्दन किया गया। मुख्य संरक्षक प्रदीप गुप्ता व मुख्य संयोजक संदीप गुप्ता ने स्वागत व धन्यवाद ज्ञापन किया। संचालन सुरेश कुमार भुवालका ने किया। उद्घाटन समारोह के पश्चात् प्रधान वाचक जय श्री श्याम सेवा संघ व लोकप्रिय गायक राम अवतार अग्रवाल की अगुवाई में सैकड़ों भक्तों ने सामूहिक सुंदरकाण्ड का पाठ किया। पाठ के बाद कन्हैया झा के संगीत संयोजन व रवि शर्मा सूरज के कुशल संचालन में श्री श्याम सेवा मण्डल ने किया। श्री श्याम दासी मण्डल, श्री श्याम प्रेमी मण्डल, सच्चिदानंद पारीक, योगेश शर्मा, दलजीत-गुरपीत सिंह-रानी कौर, अमोल-शुभम परासर, मनोज बालासिया व करिश्मा चावला ने सुमधूर भजनों के माध्यम से इस महोत्सव में हनुमान जी के जन्मोत्सव की खुशियां मनायी गई व खेल-खिलौने, चॉकलेट आदि वितरित किये गये। सात भाग्यशाली भक्तों को बाबा का रजत उपहार भेट किया गया। कार्यक्रम की सफलता में राजेश अग्रवाल, नरेंद्र सरावगी, सजन शर्मा, संजय शर्मा, गोपाल मिश्रा, संजय कुमार सिंह, दीपक सोनकर, विश्वनाथ राय, नरेश भुवालका, राजू ओझा, शुभम मिश्रा, शौभित शर्मा, अनुज शर्मा, हितेष कुमार भुवालका, मुकुल, सुदीप खाटुआ व अन्य का सक्रिय सहयोग रहा।

# बीएसएफ ने बंगाल के नादिया में हथियारों, मादक पदार्थों की तस्करी की कोशिश नाकाम की

**कोलकाता :** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों ने पश्चिम बंगाल के नादिया से बांग्लादेश में हथियारों और मादक पदार्थों की तस्करी की कोशिश को नाकाम कर दिया और एक आग्नेयास्त्र जब्त किया। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि बीएसएफ जवानों ने दिन में नदिया जिले में कैजुरी और होरंदीपुर सीमा चौकियों से 22 किलोग्राम गांजा भी बरामद किया।

बीएसएफ के एक बयान में कहा गया, सुबह करीब 5:55 बजे तुंगी चौकी पर तैनात बीएसएफ के जवानों ने पांच-छह तस्करों की संदिग्ध गतिविधियां देखीं, जो अंतरराष्ट्रीय सीमा की ओर बढ़ रहे थे। जब बीएसएफ कर्मियों ने उन्हें रुकने के




लिए कहा तो वे भागने लगे। कर्मियों ने तस्करों का पीछा किया, लेकिन वे कम दृश्यता और क्षेत्र में जलभराव का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे।'

बीएसएफ के एक बयान में कहा गया, जवानों ने इसके बाद इलाके में गहन तलाश अभियान चलाया और तस्करों द्वारा गिराया गया प्लास्टिक का एक थैला बरामद किया। थैले के अंदर एक पिस्तौल मिली, जिसे जब्त कर लिया गया।

## न्यूज इन ब्रीफ

### बिहार के पूर्व मंत्री वृषिण पटेल प्रशांत किशोर की पार्टी जन सुराज में शामिल हुए

**हाजीपुर :** बिहार के पूर्व मंत्री वृषिण पटेल ने रविवार को बताया कि वह पूर्व चुनाव रणनीतिकार प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी में शामिल हो गए हैं। पटेल अपने पैतृक जिले वैशाली में पत्रकारों से बात कर रहे थे। एक दिन पहले उन्होंने किशोर से मुलाकात की थी और पार्टी में शामिल हो गए थे। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पूर्व करीबी सहयोगी पटेल ने वैशाली विधानसभा क्षेत्र का कई बार प्रतिनिधित्व किया है। इसके अलावा वह एक बार सीवान से लोकसभा सदस्य चुने गए थे। स्वतंत्रता सेनानियों के परिवार से संबंध रखने वाले पटेल को कभी नीतीश कुमार के बाद राज्य में दूसरा सबसे बड़ा कुर्मी नेता माना जाता था। साल 2005 में कुमार के मुख्यमंत्री बनने के बाद राज्य मंत्रिमंडल में शामिल हो गए थे।

### सोनभद्र में तालाब में नहाते समय दो बच्चों की डूबने से मौत

**सोनभद्र (उप्र) :** सोनभद्र जिले के कर्मा थाना क्षेत्र के एक गांव में स्थित तालाब में नहाते समय डूबने से दो बच्चों की मौत हो गयी। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। सोनभद्र के पुलिस अधीक्षक (एसपी) अशोक कुमार मीणा ने बताया कि बंदरदेवा गांव निवासी महेन्द्र का सात वर्षीय पुत्र शुभम बैगा और दिनेश का पुत्र शंभु बैगा (10) शनिवार शाम को घर से निकले थे लेकिन देर रात तक घर नहीं लौटे तो परेशान परिजनों ने उनकी खोज शुरू की लेकिन उनका कहीं पता नहीं चला। एसपी ने बताया कि रविवार को परिजनों ने पुनः खोज शुरू की तो दोनों बच्चों के शव तालाब में उतराए हुए मिले।

### राजस्थान के अनेक भागों में अधिकतम तापमान में बढोतरी और लू चलने की संभावना

**जयपुर :** राजस्थान में आगामी चार-पांच दिन मौसम मुख्यतः शुष्क रहने तथा तापमान में तीन से पांच डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी के साथ अनेक भागों में लू चलने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार, सोमवार से पश्चिमी राजस्थान में लू चलने का नया दौर शुरू होगा और प्रदेश के कुछ हिस्सों में 15-16 अप्रैल को लू चलने की प्रबल संभावना है। विभाग के प्रवक्ता ने बताया कि आगामी दिनों में जोधपुर, बीकानेर संभाग व शेखावाटी क्षेत्र के अनेक भागों में लू तथा कहीं-कहीं तीव्र लू चलने की प्रबल संभावना है। इस दौरान सीमावर्ती क्षेत्रों में अधिकतम तापमान 45-46 डिग्री सेल्सियस दर्ज होने की संभावना है। उन्होंने बताया कि 17-18 अप्रैल को एक कमजोर पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से पूर्वी राजस्थान में कहीं-कहीं मेघगर्जन व हल्की-मध्यम आंधी आने की संभावना है।

### पंजाबः कपूरथला में ब्यास नदी में डूबने से दो लड़कों की मौत

कपूरथला : पंजाब के कपूरथला में बेरोवाल गांव के पास रविवार को नहाते समय ब्यास नदी में डूब जाने से दो लड़कों की मौत हो गयी। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि दो अन्य लड़के लापता हैं और उनकी तलाश के प्रयास जारी हैं। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल और गोताखोरों की एक टीम ने 17 वर्षीय अर्शदीप सिंह और जसपाल सिंह के शव बरामद कर लिए हैं।

### गाजियाबादः ट्रैक्टर की चपेट में आने से बच्ची की मौत

**गाजियाबाद (उप्र) :** उत्तर प्रदेश में गाजियाबाद जिले के मुरादनगर इलाके में रविवार को तेज रफ्तार ट्रैक्टर की चपेट में आने से चार साल की एक बच्ची की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस उपायुक्त (ग्रामीण) सुरेंद्र नाथ तिवारी ने बताया कि यह दुर्घटना सुबह करीब साढ़े आठ बजे हुई। उन्होंने बताया कि मृतक बच्ची की पहचान हिमांशी के रूप में हुई है। तिवारी ने बताया कि बच्ची और उसके माता-पिता मोटरसाइकिल पर सवार होकर जा रहे थे, तभी यह हादसा हुआ। उन्होंने बताया कि उत्तर-पूर्वी दिल्ली के करावल नगर का रहने वाला पुष्पेंद्र गंग नहर के पास दिल्ली-मेरठ मार्ग पर डिवाइडर पर अपना दोपहिया वाहन मोड़ रहा था, तभी मोदीनगर की ओर से तेज रफ्तार से आ रहे एक ट्रैक्टर ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। उन्होंने बताया कि हिमांशी ट्रैक्टर के नीचे आने के कारण गंभीर रूप से घायल हो गई और उसे संजय नगर इलाके के एक निजी अस्पताल में ले जाया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। तिवारी ने बताया कि पुलिस ने ट्रैक्टर को जब्त कर लिया है और उसके चालक की तलाश की जा रही है।

# जब से वक्फ (संशोधन) विधेयक पारित हुआ तभी से हिंसा भड़काई जा रही : योगी आदित्यनाथ



**लखनऊः** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विपक्षी दलों खासतौर पर कांग्रेस, समाजवादी पार्टी (सपा) और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस पर तीखा प्रहार करते हुए रविवार को कहा कि जब से वक्फ (संशोधन) विधेयक पारित हुआ और कार्रवाई हो रही है तभी से इसके खिलाफ हिंसा भड़काई जा रही है। रविवार को यहां राज्य की राजधानी लखनऊ में भागीदारी भवन में भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर सम्मान अभियान की प्रदेश कार्यशाला की शुरुआत करने के बाद लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, आश्चर्य होता है कि यह वही देश है जिसमें वक्फ के नाम पर लाखों एकड़ जमीन कब्जा ली गयी है। उनके (कब्जा करने वालों के) पास कोई कागज नहीं, कोई राजस्व का रिकॉर्ड नहीं है और जब से (वक्फ) संशोधन विधेयक पारित हुआ और कार्रवाई हो रही है तो इसके लिए हिंसा भड़काई जा रही है। योगी ने कहा, ''पश्चिमी बंगाल के मुर्शिदाबाद में तीन हिंदुओं को उनके घरों से खींचकर हत्या कर दी गयी। ये सब कौन हैं, ये वही दलित, वंचित और गरीब हैं जिनको इस जमीन का सर्वाधिक लाभ मिलने वाला है। उन्होंने कहा, ''इसलिए इन्हें (विपक्षी दलों) भय है कि ऐसा हुआ तो इनका वोटबैंक और गुमराह करने की राजनीति हमेशा के लिए खत्म हो जाएंगे। पिछले सप्ताह संसद द्वारा पारित वक्फ (संशोधन) अधिनियम मंगलवार से लागू हो गया। अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय की अधिसूचना में कहा गया, ''वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 की धारा 1 की उप-धारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केंद्र सरकार ने आठ अप्रैल 2025 से उक्त अधिनियम के प्रावधान लागू किए हैं। लोकसभा और राज्यसभा ने क्रमशः तीन अप्रैल और चार अप्रैल की मध्य रात्रि के बाद वक्फ (संशोधन) विधेयक पारित किया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पांच अप्रैल को इसे अपनी मंजूरी दे दी। वक्फ (संशोधन) विधेयक आने के बाद से ही तमाम मुस्लिम संगठन समेत विपक्षी दल इसका विरोध कर रहे हैं।बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती से एक दिन पहले उनकी याद में शुरू किए गए अभियान की विस्तार से जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, ''जब तक हम सही तथ्य जनता जनार्दन के सामने नहीं रखेंगे तो ये लोग गुमराह करके अपना राजनीतिक उल्लू सीधा करते रहेंगे और वे लोग इसी प्रकार गुमराह करके, देश में अव्यवस्था पैदा करके दलितों, वंचितों का शोषण करते रहेंगे।''

### केवल सिखों के लिए ही नहीं, हर भारतीय के लिए प्रेरणा हैं गुरु गोविंद सिंह : योगी आदित्यनाथ

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को मुगल शासक औरंगजेब को 'क्रूर' करार दिया और तब हिंदुओं के सामने आई समस्याओं से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए गुरु गोविंद सिंह की सराहना की। आदित्यनाथ ने यहां खालसा सृजन दिवस एवं बैसाखी पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि गुरु गोविंद सिंह केवल सिखों के लिए ही नहीं हर भारतीय के लिए प्रेरणा हैं और एक नया प्रकाश हैं। उन्होंने कहा, ''खालसा पंथ के 325 वर्ष पूरे हो रहे हैं। गुरु गोविंद सिंह के अनुयायी जहां भी गये अपने शौर्य और पराक्रम से अपना लोहा मनवाया।'' योगी ने कहा कि सिख कहीं भी होगा वह बिना झुके, डिगे अपने पथ पर आगे बढ़ता है, इसलिए सरदार भी कहलाता है। उन्होंने कहा कि गुरु गोविंद सिंह जी द्वारा खालसा पंथ की स्थापना करने का उद्देश्य था कि ''सकल जगत में खालसा पंथ जागे, जगे धर्म हिन्दू, सकल भंड भाजे।'' उन्होंने ने कहा, ''याद करिये एक तरफ क्रूर औरंगजेब के शासन में अत्याचार की पराकाष्ठा थी, जजिया कर के जरिये हिंदुओं को पूरी तरह इस्लाम में बदलने की उसकी क्रूर चाल और मंदिरों को तोड़ा जा रहा था, बेटियों की इज्जत पर हाथ डाला जा रहा था और उस समय अपने एक लाख शिष्यों के साथ मिलकर देश और धर्म की ज्वलंत समस्याओं पर प्रभावी शंखनाद करने का काम गुरु गोविंद सिंह महाराज द्वारा किया जा रहा था।

## पंजाब पुलिस ने बम संबंधी दावों को लेकर बाजवा के खिलाफ मामला दर्ज किया



**चंडीगढ़ः** पंजाब विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष प्रताप सिंह बाजवा के राज्य में 50 बम पहुंचने से संबंधी बयान को लेकर उनसे की गई पूछताछ के कुछ घंटे बाद पुलिस ने रविवार को उनके (बाजवा) खिलाफ देश की संप्रभुता और एकता को खतरे में डालने वाली भ्रामक सूचना देने सहित विभिन्न आरोपों के तहत मामला दर्ज किया है। सूत्रों ने बताया कि मोहाली के साइबर अपराध पुलिस थाने में बाजवा के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि बाजवा के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 197(1)(डी) (देश की संप्रभुता और एकता को खतरे में डालने वाली झूठी और भ्रामक सूचना) और 353(2) (शत्रुता और घृणा या दुर्भावना पैदा करने के इरादे से झूठे बयान देना) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। इससे पहले दिन में पंजाब पुलिस की दो सदस्यीय टीम बाजवा के आवास पर पहुंची और उन्होंने कांग्रेस नेता से उनके दावे के संबंध में पूछताछ की। राज्य के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कांग्रेस नेता से उनके इस दावे का आधार बताने के लिए कहा और सवाल किया कि क्या उनका (बाजवा) ''पाकिस्तान के साथ सीधा संबंध है। बाजवा ने कहा कि उन्होंने यहां उनके आवास पर आई पुलिस टीम के साथ सहयोग किया, लेकिन बाजवा ने अपने सूत्रों का खुलासा करने से इनकार कर दिया। बाजवा ने राज्य में बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) पर निशाना साधा। इससे पहले, मान ने बाजवा के दावों पर निशाना साधते हुए कहा कि न तो पंजाब पुलिस के खुफिया कार्यालय और न ही किसी केंद्रीय खुफिया एजेंसी ने (बम संबंधी) ऐसी कोई जानकारी साझा की है।

## मायावती के भतीजे आकाश ने लगाई बसपा में वापस लिए जाने की गुहार



**लखनऊ :** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) से निष्कासित किए गए पार्टी प्रमुख मायावती के भतीजे आकाश आनंद ने रविवार को अपनी 'गलतियों' की माफी मांगते हुए पार्टी में वापस लिये जाने की गुहार लगाई है। आकाश ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स पर की गई सिलसिलेवार पोस्ट में प्रण लेते हुए कहा कि वह अब भविष्य में अपने किसी भी राजनीतिक फैसले के लिए किसी नातेदार और सलाहकार से कोई राय नहीं लेंगे। आकाश ने अपनी पोस्ट में कहा, बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष, उप्र की चार बार मुख्यमंत्री रही एवं लोकसभा व राज्यसभा की भी कई बार सदस्य रही आदरणीय बहन कुमारी मायावती जी को मैं अपना दिल से एकमात्र राजनीतिक गुरू व आदर्श मानता हूं। आज मैं यह प्रण लेता हूं कि बहुजन समाज पार्टी के हित के लिए मैं अपने रिश्ते-नातों को व खासकर अपने ससुराल वालों को कतई भी बाधा नहीं बनने दूंगा। उन्होंने इसी श्रृंखला की अगली पोस्ट में कहा, यही नहीं बल्कि कुछ दिनों पहले किए गए अपने ट्वीट के लिए भी माफी मांगता हूं जिसकी वजह से आदरणीय बहन जी (मायावती) ने मुझे पार्टी से निकाल दिया है। आगे से इस बात को सुनिश्चित करूंगा कि मैं अपने किसी भी राजनीतिक फैसले के लिए किसी भी नाते-रिश्तेदार और सलाहकार की कोई सलाह मशविरा नहीं लूंगा।

## आंबेडकर जयंती की तैयारी के लिये पूरे प्रदेश में चलाया गया स्वच्छता अभियान



**लखनऊ :** बाबा साहब डॉक्टर भीमराव आंबेडकर की 134वीं जयंती की तैयारी के तहत रविवार को पूरे उत्तर प्रदेश में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस मुहिम में जनप्रतिनिधियों, सरकारी अधिकारियों, कर्मचारियों और आम जनता की व्यापक भागीदारी रही। राज्य सरकार द्वारा जारी एक बयान के मुताबिक, इस पहल में राज्य के सभी 75 जिलों में पार्कों, स्मारकों, चौराहों और सार्वजनिक स्थानों पर स्थित आंबेडकर और अन्य राष्ट्रीय नायकों की मूर्तियों की साफ-सफाई की गयी। वाराणसी, चंदौली और गाजीपुर में कई ग्राम पंचायतों और वार्डों में सफाई अभियान चलाया गया। इसमें कहा गया है कि जौनपुर, अलीगढ़, प्रतापगढ़ और शाहजहांपुर में भी सफाई अभियान चलाया गया तथा इस दौरान जौनपुर में ग्राम पंचायतों में सफाई, अलीगढ़ में आंबेडकर पंचायत घर और प्रतापगढ़ में आंबेडकर पार्क और मूर्तियों की रंगाई/सफाई की गयी। बयान के अनुसार, शाहजहांपुर नगर निगम ने आंबेडकर पार्क और अन्य प्रमुख क्षेत्रों पर स्वच्छता अभियान चलाया। प्रयागराज मंडल में मंडलवार स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किया गया जिस दौरान प्रयागराज शहर में कई स्थानों पर स्वच्छता अभियान में भाजपा के पार्षदों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। फतेहपुर और प्रतापगढ़ जिलों में भी इसी तरह के कार्यक्रम आयोजित किए गए। अयोध्या में आंबेडकर प्रतिमाओं, आंबेडकर पार्क, आंबेडकर कॉलोनी और राम मंदिर समेत प्रमुख स्थलों के आसपास के इलाकों में सफाई अभियान चलाया गया। आगरा मंडल के सभी जिलों में आंबेडकर प्रतिमाओं और पार्कों में सफाई अभियान चलाया गया। बयान के अनुसार, आगरा में आंबेडकर पार्क में खराब फव्वारों और बिजली से चलने वाले उपकरणों की मरम्मत की गई तथा शहरी और ग्रामीण इलाकों में कई स्थानों पर सफाई अभियान भी चलाए गए।

## विद्यालयों में विविध प्रकार के आयोजन बच्चों के विशेष कौशल को सामने लाने का अवसर देते हैं : राज्यपाल

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने रविवार को कहा कि विद्यालयों में विविध प्रकार के आयोजन बच्चों के विशेष कौशल को सामने लाने का अवसर प्रदान करते हैं। प्रदेश की राज्यपाल पटेल रविवार को सिटी मोंटेसरी स्कूल, (सीएमएस) लखनऊ द्वारा आयोजित 14वें अंतरराष्ट्रीय बाल फिल्म महोत्सव 2025 के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। इस अवसर पर उन्होंने अंतरराष्ट्रीय बाल फिल्म महोत्सव में चयनित उत्कृष्ट फिल्मों को पुरस्कृत किया और कहा कि इस तरह के आयोजनों से बच्चों की रचनात्मकता को नई दिशा मिलती है। राजभवन से जारी बयान के अनुसार, पटेल ने शिक्षकों और अभिभावकों से कहा कि वे बच्चों को उनकी प्रतिभा और रुचि के अनुसार उचित दिशा देने का प्रयास करें। राज्यपाल ने कहा,' यदि कोई बच्चा खेल में अच्छा है तो उसे खेलने के लिए प्रेरित करना चाहिए, और यदि कोई बच्चा संगीत या पढ़ाई में रुचि रखता है, तो उसे उसी दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।'' उन्होंने यह भी कहा कि सरकारी स्कूल हो या निजी विद्यालय, सभी जगह यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि बच्चों को उनके कौशल के अनुरूप मार्गदर्शन और अवसर प्राप्त हों, ताकि वे अपने जीवन में उत्कृष्टता प्राप्त कर सकें। उन्होंने बाल फिल्म महोत्सव की सराहना करते हुए कहा कि इस फिल्म महोत्सव के माध्यम से बच्चों ने अवश्य ही बहुत कुछ सीखा होगा, जो भविष्य में उनके जीवन को सकारात्मक दिशा देगा। पटेल ने आशा व्यक्त की कि इस प्रकार की प्रेरणा से बच्चे आगे चलकर समाज के लिए छोटी-छोटी प्रेरणादायक फिल्में बनाएंगे, जो समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का कार्य करेंगी।

### सड़क किनारे खड़े कंटेनर में कार घुसी, दो चचेरे भाइयों की मौत

**जयपुरः** राजस्थान के सीकर जिले में रविवार को सड़क किनारे खड़े कंटेनर ट्रक में कार के घुस जाने से दो चचेरे भाइयों की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि हादसा सीकर के सदर थाना क्षेत्र के रशीदपुरा गांव में हुआ। कार आगे से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। सहायक पुलिस उपनिरीक्षक हनुमानराम ने बताया कि हादसे में दो चचेरे भाइयों अनिल महला (29) और कृष्ण जाखड़ (25) की मौत हो गई जबकि कृष्ण का दोस्त श्रवण (25) घायल हो गया। उसे सीकर के एसके अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद दोनों भाइयों के शव परिजनों को सौंप दिए गए। हनुमानराम ने बताया कि अनिल दुबई में काम करता था और आज वह जयपुर हवाई अड्डे पहुंचा था तथा उसे लेने के लिए कृष्ण और उसका दोस्त श्रवण सीकर से जयपुर आए थे। पुलिस ने बताया कि जयपुर से लौटते समय, सीकर के रास्ते में, रशीदपुरा गांव के पास, उनकी कार सड़क किनारे खड़े एक कंटेनर ट्रक से टकरा गई।

## झारखंड में नक्सलियों के खिलाफ संघर्ष अंतिम चरण में: मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन



**रांची :** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रविवार को कहा कि राज्य में नक्सलियों के खिलाफ संघर्ष अब अपने अंतिम चरण में है। मुख्यमंत्री सोरेन और राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने पश्चिम सिंहभूम जिले में संवर्धित विस्फोटक उपकरण (आईईडी) विस्फोट में शहीद हुए जवान सुनील धान को रांची में 'झारखंड जगुआर' मुख्यालय में पुष्पांजलि अर्पित की। मीडिया से बात करते हुए सोरेन ने कहा, नक्सलियों के खिलाफ संघर्ष अपने अंतिम चरण में है। इस दौरान हम कई जवानों को खो चुके हैं। जवानों की वजह से ही हम सफल अभियान की ओर बढ़ रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि जवानों की शहादत व्यर्थ नहीं जाएगी और नक्सलियों के खिलाफ यह अभियान अपने अंतिम लक्ष्य तक पहुंचेगा। राज्यपाल गंगवार ने कहा, यह एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। राज्य सरकार इस प्रकार की घटनाओं को कम करने के लिए लगातार काम कर रही है। सरकार शहीद के परिवार का ध्यान रखेगी। माओवादियों की गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिये गठित विशेष बल झारखंड जगुआर के सिपाही सुनील धान और सीआरपीएफ जवान विष्णु सैनी शनिवार को पश्चिम सिंहभूम जिले में आईईडी ब्लास्ट में घायल हो गए थे। दोनों को बेहतर इलाज के लिए हवाई मार्ग से रांची ले जाया गया था।

### जेवर हवाई अड्डे और ग्रेटर नोएडा के बीच जल्द शुरू होगी नयी बस सेवा

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम (यूपीएसआरटीसी) जेवर हवाई अड्डे से ग्रेटर नोएडा के परी चौक तक एक नयी बस सेवा शुरू करने जा रहा है। इसका उद्देश्य यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) क्षेत्र में सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देना है। राज्य सरकार द्वारा यहां जारी एक बयान के मुताबिक, यह पहल जेवर हवाई अड्डे से ग्रेटर नोएडा के बीच बस सम्पर्क को मजबूत करने और तेजी से विस्तार कर रहे क्षेत्र में विकास को रफ्तार देने की एक व्यापक योजना का हिस्सा है। यीडा क्षेत्र में तीन नए बस मार्गों की पहचान की गई है, जिसमें जेवर हवाई अड्डे और परी चौक के बीच 42 किलोमीटर का हिस्सा शामिल है।

### दक्षिणपंथी संगठन ने ब्यूटी पार्लर में मुसलमानों के काम करने पर प्रतिबंध लगाने की मांग की

**मथुरा (उप्र) :** मथुरा में एक दक्षिणपंथी संगठन ने यहां ब्यूटी पार्लर में काम करने वाले मुस्लिम पुरुषों पर 'लव जिहाद' में लिप्त होने का आरोप लगाया है और वहां उनके काम करने पर प्रतिबंध लगाने की मांग की है। श्रीकृष्ण जन्मभूमि संघर्ष न्यास के अध्यक्ष दिनेश शर्मा उर्फ दिनेश फलाहारी ने 11 अप्रैल को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को इस संबंध में एक पत्र भेजा। फलाहारी ने महिलाओं के ब्यूटी पार्लरों में काम करने वाले मुसलमानों के पीछे अंतरराष्ट्रीय साजिश का आरोप लगाया। उन्होंने ऐसे प्रतिष्ठानों में उनकी उपस्थिति पर सवाल उठाया और उनके वहां काम करने पर तत्काल प्रतिबंध लगाने की मांग की। फलाहारी ने दावा किया, वे हिंदू पोशाक व कलावा पहनते हैं और टीका लगाते हैं, हिंदू लड़कियों को बहलाते हैं और उनसे शादी करते हैं, बाद में उन्हें विदेशों में बेच देते हैं।

## न्यूज अपडेट

### आधा सच बोलने की बीमारी से ग्रस्त हैं अखिलेश यादवः केशव प्रसाद मौर्य



लखनऊ : उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने रविवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पर आधा सच बोलने की बीमारी से ग्रस्त होने का आरोप लगाया। मौर्य की यह टिप्पणी उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री यादव के उस बयान के एक दिन बाद आई, जिसमें उन्होंने कहा था कि इटावा के मतदाताओं ने ही बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के संस्थापक कांशीराम को लोकसभा भेजा था। मौर्य ने रविवार को 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा,आधा सच बताने की बीमारी से ग्रस्त हैं सपा बहादुर श्री अखिलेश यादव। उन्होंने कहा कि सच यह है कि 1991 के लोकसभा चुनाव में सपा के संस्थापक मुलायम सिंह यादव ने अगर इटावा में कांशीराम की मदद की थी तो कांशीराम ने भी जसवंतनगर से बसपा का उम्मीदवार न उतार कर मुलायम सिंह यादव को जिताने में मदद की थी। मौर्य ने इसी पोस्ट में दावा किया लेकिन इससे बड़ा सपा का काला सच यह है कि दो जून, 1995 को सपा के गुंडों ने लखनऊ के स्टेट गेस्टहाउस में दलितों की सबसे बड़ी नेता बहन सुश्री मायावती की आबरू लूटने और उनकी हत्या की कोशिश की थी।

### मेरी सरकार समाज के सभी वर्गों के कल्याण के लिए प्रतिबद्धः नीतीश



**पटना :** बहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रविवार को कहा कि उनकी सरकार समाज के सभी वर्गों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर की जयंती की पूर्व संध्या पर जनता दल-यूनाइटेड (जदयू) की ओर से पटना में आयोजित 'भीम संवाद' में नीतीश ने समाज के सभी वर्गों के लोगों से शांति एवं सद्भाव के साथ एकजुट होकर रहने की अपील की। आंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए नीतीश ने पूर्व प्रधानमंत्री दिवंगत अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाले केंद्रीय मंत्रिमंडल में रहने के दौरान बाबासाहेब के घर के अपने दौरे को याद किया। मुख्यमंत्री ने कहा, हमारी सरकार दलितों, महादलितों, पिछड़ों, अति पिछड़ों, मुस्लिम समुदाय और सवर्णों सहित समाज के सभी वर्गों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। बाबासाहेब हमारे लिए प्रेरणास्रोत बने रहेंगे। उन्होंने कहा, जब मैं केंद्रीय मंत्री था, तब मैंने उनके घर जाकर उनके परिवार के सदस्यों से मुलाकात की थी। मैं समाज के सभी वर्गों के लोगों से शांति और सद्भाव के साथ एकजुट होकर रहने की अपील करता हूं। बापू सभागार में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा, राज्य मंत्रिमंडल के सदस्य और पार्टी के कई शीर्ष नेता मौजूद थे। इस बीच, जदयू की गठबंधन सहयोगी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बापू सभागार से कुछ ही दूरी पर स्थित ऐतिहासिक गांधी मैदान से 'जय भीम' पदयात्रा शुरू की। केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष दिलीप जायसवाल, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा व कई अन्य पार्टी नेताओं ने इस पदयात्रा में हिस्सा लिया। मांडविया ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर की जयंती की पूर्व संध्या पर रविवार को पटना में 'माई भारत' के छह हजार से अधिक युवा साथियों ने 'जय भीम पदयात्रा' निकाली। बाबासाहेब संविधान के निर्माता थे, उन्होंने भारत के मजबूत लोकतंत्र की नींव रखी।

### भाजपा ने कन्हैया कुमार पर प्रधानमंत्री और आरएसएस को 'अपशब्द' कहने का आरोप लगाया, शिकायत दर्ज कराई

**पटना :** भारतीय जनता पार्टी ने रविवार को कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार के खिलाफ यहां पुलिस में शिकायत दर्ज कराई, जिसमें आरोप लगाया गया कि उन्होंने हाल ही में एक टीवी साक्षात्कार के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के खिलाफ अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया। बिहार में भाजपा के मीडिया प्रभारी दानिश इकबाल के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने कोतवाली थाने जाकर शिकायत दी। इकबाल ने पुलिस से टिप्पणी को लेकर कुमार के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का आग्रह किया। इकबाल ने कहा,'कन्हैया कुमार, जो 'टुकड़े-टुकड़े गैंग' का हिस्सा हैं, ने 11 अप्रैल को एक टीवी चैनल को दिए साक्षात्कार में प्रधानमंत्री मोदी, आरएसएस और उसकी विचारधाराओं के खिलाफ अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल किया। साक्षात्कार में उन्होंने जिस भाषा का इस्तेमाल किया वह अत्यधिक आपत्तिजनक और अस्वीकार्य है।'

### बिहार सरकार ने कई वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों का स्थानांतरण किया

**पटना :** बिहार सरकार ने रविवार को प्रशासनिक फेरबदल करते हुए भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के कई वरिष्ठ अधिकारियों को स्थानांतरित कर अतिरिक्त प्रभार सौंपा। एक आधिकारिक अधिसूचना के अनुसार, 1992 बैच की आईएएस अधिकारी हरजोत कौर बाम्हरा को पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन विभाग (डीईएफसीसी) में अतिरिक्त मुख्य सचिव (एसीएस) के पद पर स्थानांतरित किया गया है। वह वर्तमान में समाज कल्याण विभाग में एसीएस और महिला एवं बाल विकास निगम में अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक के पद पर हैं। उद्योग तथा पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन विभाग में सचिव का प्रभार संभाल रहीं 2003 बैच की आईएएस अधिकारी बंदना प्रेयसी को समाज कल्याण विभाग में स्थानांतरित किया गया है। उन्हें महिला एवं बाल विकास निगम में अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक का अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया है।

## बिहार विधानसभा चुनाव में तेजस्वी का 'माय-बाप' फॉर्मूला काम नहीं करेगा : गिरिराज



**अहमदाबाद :** केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने रविवार को राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता तेजस्वी यादव पर निशाना साधते हुए दावा किया कि बिहार की जनता ने आगामी राज्य विधानसभा चुनाव में भाई-भतीजावाद को जड़ से उखाड़ फेंकने का मन बना लिया है। उन्होंने कहा कि राजद का 'माय-बाप' -- मुस्लिम-यादव और बहुजन-अगड़ा - आधी आबादी (महिला) - पिछड़ा -- फॉर्मूला भी चुनाव में काम नहीं करेगा। केंद्रीय मंत्री बिहार स्थापना दिवस के अवसर पर भाजपा की गुजरात इकाई द्वारा आयोजित 'स्नेह मिलन समारोह' में भाग लेने के लिए अहमदाबाद में थे। सिंह ने कहा कि तेजस्वी के पिता एवं राजद प्रमुख लालू प्रसाद ने मुख्यमंत्री पद पर रहने के दौरान बिहार को 'बदनाम' करने और लोगों को केवल कष्ट पहुंचाने का काम किया। तेजस्वी, बिहार में ''व्यापक भ्रष्टाचार, घूसखोरी और बढ़ते अपराध, बेरोजगारी, महंगाई, पलायन और गरीबी'' के मुद्दे को लेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और राज्य की राजग (राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन) सरकार पर निशाना साधते रहे हैं। भाजपा नेता ने कहा, ''तेजस्वी यादव ने नीतीश कुमार सरकार के बारे में जो कुछ कहा है, वह 'थेथरलॉजी' (कुतर्क) है। लालू यादव द्वारा चरवाहा विद्यालय खोलने का युग समाप्त हो गया है।'' सिंह ने संवाददाताओं से कहा, ''नीतीश कुमार के शासन में बिहार को आईआईटी, एनआईटी, निफ्ट, एम्स और हर जिले में मेडिकल कॉलेज मिले।'' भाजपा तथा नीतीश कुमार नीत जनता दल (यूनाइटेड) बिहार में राजग सरकार में शामिल हैं, जहां इस साल 243 सदस्यीय विधानसभा के लिए चुनाव होने हैं। केंद्रीय कपड़ा मंत्री ने कहा,'उन्हें (विपक्ष को) मुंगेरीलाल के हसीन सपने देखने दीजिए। बिहार में लोगों ने भाई-भतीजावाद को जड़ से उखाड़ फेंकने का संकल्प लिया है। चुनाव में 'माय-बाप' दोनों खत्म हो जाएंगे।'

## मुख्यमंत्री ने दिये गर्मी से बचाव की योजना बनाकर उस पर अमल के निर्देश

**लखनऊ :** इस साल भीषण गर्मी पड़ने के अनुमानों के बीच उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निकट भविष्य में चलने वाली लू से बचाव के लिये सभी सम्बन्धित विभागों को सतर्क करते हुए एक कार्ययोजना बनाकर उस पर अमल करने के निर्देश दिये हैं। राज्य सरकार द्वारा रविवार को यहां जारी एक बयान के मुताबिक, पिछले साल मार्च से जून के बीच लू लगने से बीमार पड़ने के सबसे अधिक मामले दर्ज किये गये थे और इसी को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री ने इस वर्ष गर्मी के मौसम में पहले से ही सभी विभागों को सतर्क करते हुए 'हीट वेव एक्शन प्लान' लागू करने के निर्देश दिए हैं। मौसम विभाग के अनुसार, इस बार अप्रैल से मई के बीच भीषण गर्मी पड़ने और अधिकतम तापमान सामान्य से ज्यादा रहने का पूर्वानुमान जाहिर किया है। बयान के मुताबिक, इसे देखते हुए राज्य सरकार ने स्वास्थ्य, नगर निकाय, श्रम, पशुपालन और ग्रामीण विकास विभागों के साथ तालमेल बनाकर बहुस्तरीय रणनीति तैयार की है। बयान में कहा गया है कि इसके तहत मुख्य रूप से श्रमिकों का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा और इसके साथ ही सड़कों पर पानी का छिड़काव, पार्कों और कार्यस्थलों पर छाया की व्यवस्था, पशुओं की सुरक्षा के लिये आश्रय और दवाओं की उपलब्धता भी सुनिश्चित की जा रही है। मुख्यमंत्री ने सभी संबंधित विभागों और जिलाधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में लू से बचाव की कार्ययोजना का सख्ती से पालन कराएं तथा आश्रय स्थलों के संचालन, पेयजल आपूर्ति और जागरूकता कार्यक्रमों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## भारत की पुरुष रिकर्व टीम ने तीरंदाजी विश्व कप चरण एक में रजत पदक जीता



**ऑबर्नडेल (अमेरिका):** धीरज बोम्मादेवरा, तरुणदीप राय और अतनु दास की टीम रविवार को यहां फाइनल में चीन से 1-5 से हार गई जिससे भारत को तीरंदाजी विश्व कप चरण एक की पुरुष रिकर्व टीम स्पर्धा में रजत पदक से संतोष करना पड़ा। यह भारत का सत्र के पहले टूर्नामेंट का तीसरा पदक है। भारत की नजरें चौथे पदक पर भी हैं क्योंकि धीरज पुरुष रिकर्व व्यक्तिगत वर्ग में प्रतिस्पर्धा में बने हुए हैं। इससे पहले भारत ने कंपाउंड मिश्रित टीम स्पर्धा में स्वर्ण और कंपाउंड पुरुष टीम स्पर्धा में कांस्य पदक हासिल किया था। अभिषेक वर्मा कंपाउंड पुरुष व्यक्तिगत वर्ग में चौथे स्थान पर रहकर पदक से चूक गए। रिकर्व टीम स्वर्ण पदक मुकाबले में भारत और चीन के बीच पहला सेट 1-1 से बराबरी पर समाप्त हुआ जिसमें दोनों टीम ने 54 अंक बनाए। भारतीय तिकड़ी ने दो बार 10 और दो बार नौ अंक बनाए लेकिन दो बार आठ अंक जुटाने के कारण सेट जीतने का मौका गंवा दिया। ली झोंगयुआन, काओ वेनचाओ और वैंग यान की चीन की टीम ने दूसरे सेट में चार बार 10 अंक बनाकर 3-1 की बढ़त हासिल की। भारत फिर से आठ अंक पर तीर चलाकर सेट 55-58 से हार गया। मैच में बने रहने के लिए भारत को तीसरा सेट जीतने की जरूरत थी लेकिन टीम एक बार फिर लड़खड़ा गई और केवल 54 अंक ही बना पाई जबकि चीन ने 55 अंक जुटाकर स्वर्ण पदक अपने नाम कर लिया।

# अपने ही मैदान पर टूटा दिल्ली की जीत का क्रम

### मुंबई ने 12 रन से हराया



**नयी दिल्ली:** मुंबई इंडियंस ने दिल्ली कैपिटल्स को 12 रन से हराकर जीत की पटरी पर वापसी कर ली है। रविवार को अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी मुंबई ने तिलक वर्मा की अर्धशतकीय पारी की बदौलत 20 ओवर में पांच विकेट खोकर 205 रन बनाए। जवाब में दिल्ली की टीम 19वें ओवर में 193 रन पर ऑलआउट हो गई। उनके तीन बल्लेबाज 19वें ओवर की आखिरी तीन में रनआउट हो गए। आईपीएल में ऐसा दूसरी बार हुआ है जब एक ओवर में तीन रनआउट हुए हैं। इससे पहले 2008 में मुंबई के तीन बल्लेबाज आखिरी ओवर में रनआउट हुए थे। मौजूदा सत्र में यह दिल्ली की पहली शिकस्त है। अबतक खेले पांच मुकाबलों में दिल्ली ने चार में जीत और एक मैच में हार दर्ज की है। इसी के साथ अक्षर पटेल की टीम अंक तालिका में दूसरे पायदान पर खिसक गई। वहीं, मुंबई छह मैचों में दूसरी जीत के साथ सातवें पायदान पर पहुंच गई। शीर्ष पर गुजरात टाइटंस है। लक्ष्य का पीछा करने उतरी दिल्ली को पहले ओवर की पहली ही गेंद पर दीपक चाहर ने तगड़ा झटका दिया था। उन्होंने जेक फ्रेजर मैकगर्क को विल जैक्स के हाथों कैच कराया। इसके बाद मोर्चा अभिषेक पोरेल और करुण नायर ने संभाला। दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 119 रन की साझेदारी हुई। कर्ण शर्मा ने पोरेल को अपना शिकार बनाया। वह 25 गेंदों में 33 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, सेंटनर ने करुण नायर को बोल्ड किया। उन्होंने 40 गेंदों में 12 चौके और पांच छक्के की मदद से 89 रन बनाए। दिल्ली के लिए केएल राहुल ने 15, अक्षर पटेल ने नौ, स्टब्स ने एक, आशुतोष शर्मा ने 17, विप्रज निगम ने 14, कुलदीप यादव ने एक रन बनाया। वहीं, मोहित शर्मा बिना खाता खोले आउट हुए जबकि मिचेल स्टार्क एक रन बनाकर नाबाद रहे। मुंबई के लिए कर्ण शर्मा ने तीन जबकि मिचेल सेंटनर ने दो विकेट झटके। वहीं, दीपक चाहर और जसप्रीत बुमराह को एक-एक सफलता मिली। इस मैच में मुंबई की शुरुआत अच्छी हुई। रोहित शर्मा और रेयान रिकेल्टन के बीच पहले विकेट के लिए 47 रन की साझेदारी हुई जिसे विप्रज निगम ने तोड़ा। उन्होंने हिटमैन को एलबीडब्ल्यू आउट किया। वह सिर्फ 18 रन बना सके। हालांकि, यह इस सत्र का उनका सबसे बड़ा स्कोर है। इसके बाद मोर्चा सूर्यकुमार यादव ने संभाला। उन्होंने रेयान के साथ दूसरे विकेट के लिए 28 और तीसरे विकेट के लिए तिलक वर्मा के साथ 60 रनों की साझेदारी की। सूर्यकुमार ने पांच चौके और दो छक्के की मदद से 40 रन बनाए जबकि रेयान ने 41 और तिलक ने 59 रनों की दमदार पारी खेली। दिल्ली के खिलाफ हार्दिक पांड्या सिर्फ दो रन बना सके। वहीं, नमन धीर 38 और विल जैक्स एक रन बनाकर नाबाद रहे। इस दौरान दिल्ली के लिए कुलदीप यादव और विप्रज निगम ने दो-दो विकेट झटके जबकि मुकेश कुमार को एक सफलता मिली।

### गांगुली को एक बार फिर आईसीसी पुरुष क्रिकेट समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया

**दुबई:** भारत के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली को आईसीसी पुरुष क्रिकेट समिति का फिर से अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। गांगुली के लंबे समय तक राष्ट्रीय टीम के साथी रहे वीवीएस लक्ष्मण को भी फिर से पैनल के सदस्यों में चुना गया है। खेल की वैश्विक संचालन संस्था अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने रविवार को यह जानकारी दी। वर्ष 2000 से 2005 तक पांच साल तक भारतीय टीम की अगुआई करने वाले गांगुली को पहली बार 2021 में समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। गांगुली ने तब हमवतन अनिल कुंबले की जगह ली थी जिन्होंने तीन साल के अधिकतम तीन कार्यकाल के बाद पद छोड़ दिया था।

## लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ मेच में हार का सिलसिला तोड़ने को बेताब होगी चेन्नई सुपर किंग्स




**लखनऊ:** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में इससे खराब दौर कभी नहीं देखा है और उसके बल्लेबाजों को सोमवार को यहां लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ होने वाले मैच में लगातार हार के सिलसिले पर लगाम लगाने के लिए अच्छा प्रदर्शन करना ही होगा। सीएसके ने आईपीएल के इतिहास में लगातार पांच मैच कभी नहीं गंवाये हैं जिसमें अपने गढ़ चेपॉक में लगातार तीन मैच में हार मिलना भी पहली दफा हुआ है। सीएसके को अगर कोई मुश्किल दौर से निकाल सकता है तो वह महेंद्र सिंह धोनी हैं। लेकिन रुतुराज गायकवाड़ के चोटिल होने के बाद कप्तानी में धोनी की वापसी भी शुक्रवार को टीम के पिछले मैच में उनकी किस्मत नहीं बदल सकी। घरेलू मैदान पर स्पिनरों के खिलाफ बल्लेबाजों के संघर्ष को देखते हुए बल्लेबाजों को फॉर्म हासिल करने के लिए घर से बाहर खेलने में कोई दिक्कत नहीं होगी। अपने सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज गायकवाड़ की अनुपस्थिति ने टीम की वापसी की कोशिश को और भी मुश्किल बना दिया है। सीएसके पर अपने उन खिलाड़ियों को रखने का आरोप लगाया गया है जो अब अपनी शीर्ष फॉर्म में नहीं हैं। और अब लगातार हार के रिकॉर्ड के बाद यह सवाल फिर से उठने लगा है। उनकी टीम में 'पावर-हिटर' की कमी भी चर्चा का विषय बन गई है क्योंकि धोनी ने खुद स्वीकार किया है कि पावरप्ले में 60 रन बनाने का लक्ष्य भी उनके लिए बहुत महत्वाकांक्षी है। सलामी बल्लेबाज रचिन रविंद्र और डेवोन कॉनवे दो बेहतरीन बल्लेबाज हैं लेकिन उनसे पहली गेंद से ही जोरदार बल्लेबाजी की उम्मीद करना उनके खेलने की शैली के खिलाफ है। गायकवाड़ की जगह तीसरे नंबर पर आने वाले राहुल त्रिपाठी पर अच्छा प्रदर्शन करने का काफी दबाव होगा। टीम को अनुभवी ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा से भी अच्छे प्रदर्शन की दरकार है।

## लुकास मार्टेंस ने पुरुषों की 400 मीटर फ्रीस्टाइल में तैराकी का विश्व रिकॉर्ड बनाया

**स्टॉकहोम:** ओलंपिक चैंपियन जर्मनी के लुकास मार्टेंस ने 'स्विम ओपन स्टॉकहोम' में पुरुषों की 400 मीटर फ्रीस्टाइल में रिकॉर्ड बनाया। मार्टेंस ने शनिवार को पुरुषों की 400 मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धा तीन मिनट 39.96 सेकेंड में पूरी की जिससे वह तीन मिनट 40 सेकेंड के बैरियर को तोड़ने वाले पहले तैराक बन गए। तेईस वर्षीय मार्टेंस ने 2024 पेरिस ओलंपिक में 3:41.78 के समय के साथ 400 मीटर फ्रीस्टाइल में स्वर्ण पदक जीता था। ओलंपिक डॉट कॉम के अनुसार उन्होंने इस तरह 2009 में जर्मनी के साथी पॉल बिडरमैन द्वारा बनाए गए पिछले रिकॉर्ड को 0.11 सेकेंड तोड़ दिया।



## सॉल्ट और कोहली का अर्धशतक, आरसीबी ने राजस्थान रॉयल्स को नौ विकेट से रौंदा



**जयपुर:** आरसीबी ने विराट कोहली और फिल सॉल्ट के अर्धशतकों की मदद से राजस्थान रॉयल्स को नौ विकेट से हराया। राजस्थान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में चार विकेट पर 173 रन बनाए थे। जवाब में आरसीबी ने 17.3 ओवर में एक विकेट पर 175 रन बनाकर मैच जीत लिया। आरसीबी के लिए सॉल्ट ने 33 गेंदों पर पांच चौकों और छह छक्कों की मदद से 65 रन बनाए, जबकि कोहली 45 गेंदों पर चार चौकों और दो छक्कों के सहारे 62 रन बनाकर नाबाद लौटे। इनके अलावा इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर उतरे देवदत्त पडिक्कल ने 28 गेंदों पर पांच चौकों और एक छक्के की मदद से नाबाद 40 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए सॉल्ट और कोहली ने आरसीबी को तेज शुरुआत दिलाई जिससे टीम ने पावरप्ले में ही बिना किसी नुकसान के 60 रनों का आंकड़ा पार कर लिया था। कोहली और सॉल्ट आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी कर रहे थे जिससे आरसीबी का स्कोर छह ओवर में बिना किसी नुकसान के 65 रन हो गया था। कोहली और सॉल्ट के बीच पहले विकेट के लिए 92 रनों की साझेदारी हुई जिसे कुमार कार्तिकेय ने सॉल्ट को आउट कर तोड़ा। इसके बाद कोहली ने पडिक्कल के साथ पारी आगे बढ़ाई और रन गति को धीमे नहीं पड़ने दिया। कोहली ने इस दौरान अर्धशतक पूरा किया। वह टी20 में 100 पचासा लगाने वाले पहले भारतीय बन गए। कोहली का इस आईपीएल सीजन का यह तीसरा पचासा है। उन्होंने पडिक्कल के साथ मिलकर दूसरे विकेट के लिए 83 रनों की अविजित साझेदारी की। पडिक्कल ने इस दौरान आरसीबी के लिए 1000 रन पूरे किए। वह कोहली के बाद ऐसा करने वाले दूसरे खिलाड़ी हैं। राजस्थान के लिए एकमात्र विकेट कार्तिकेय ने लिया, जबकि अन्य गेंदबाज खाली हाथ रहे।



### न्यूज इन ब्रीफ

#### कोहली ने 'स्पोर्ट्सवियर' ब्रांड एजिलिटास में निवेश किया

**नयी दिल्ली:** क्रिकेटर विराट कोहली ने 'स्पोर्ट्सवियर' बनाने वाली घरेलू कंपनी एजिलिटास में निवेश किया है और वह इसके सह-निर्माता बन गए हैं। उद्योग सूत्रों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कंपनी शीर्ष भारतीय क्रिकेटर की लोकप्रियता का लाभ लेकर वैश्विक स्तर पर विस्तार की योजना बना रही है। कोहली ने हाल ही में प्यूमा के साथ अपने ब्रांड एम्बैसडर के रूप में आठ साल का रिश्ता पूरा किया है। सूत्रों ने बताया कि कोहली ने अगले आठ साल के लिए अनुबंध को नवीनीकृत करने के लिए प्यूमा की 300 करोड़ रुपये की पेशकश को अस्वीकार कर दिया है। इसकी जगह उन्होंने एजिलिटास में निवेश करने और फर्म में हिस्सेदारी रखने का फैसला किया। इस कंपनी को प्यूमा इंडिया और दक्षिण-पूर्व एशिया के पूर्व प्रबंध निदेशक अभिषेक गांगुली का समर्थन प्राप्त है। सूत्रों ने हालांकि यह नहीं बताया कि कोहली ने एजिलिटास में कितना निवेश किया है, लेकिन कहा कि यह एक बड़ी राशि है।

#### बैंकों ने अवैध लेनदेन के मामलों में खातों को जब्त करने का अधिकार मांगा

**नयी दिल्ली:** फर्जी खातों के जरिये साइबर धोखाधड़ी को रोकने के लिए बैंकों ने अवैध लेनदेन में शामिल खातों को जब्त करने का अधिकार मांगा है। उनका कहना है कि अधिकारियों से अनुमति लेने में कीमती समय बर्बाद किए बिना तेजी से कदम उठाने के लिए ऐसा जरूरी है। बैंक आंतरिक कारणों के आधार पर खातों को जब्त करते हैं। हालांकि, धन शोधन रोधक अधिनियम (पीएमएलए) के अनुसार उनके पास अदालत या कानून प्रवर्तन एजेंसियों (एलईए) से मंजूरी लिए बिना ग्राहक खातों को जब्त करने का अधिकार नहीं है।

## समय के साथ कानूनों में बदलाव नहीं होने से 'खत्म' हो गया था सहकारिता आंदोलन : शाह



**भोपाल:** केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि सहकारी आंदोलन देश में करीब-करीब खत्म हो गया था क्योंकि कानूनों में समय के साथ बदलाव नहीं किया गया। शाह ने भोपाल में राज्यस्तरीय सहकारी सम्मेलन में कहा कि मध्य प्रदेश में कृषि, पशुपालन और सहकारी क्षेत्रों में बहुत संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि इन संभावनाओं का पूरा दोहन करने के लिए बहुत काम किए जाने की जरूरत है। उन्होंने कहा, ''सहकारी आंदोलन अस्त-व्यस्त रहे क्योंकि पहले कानूनों में समय के अनुरूप बदलाव नहीं किए गए। लेकिन आजादी के 75 साल बाद सहकारी आंदोलन को बढ़ावा देने के लिए सहकारिता मंत्रालय का गठन किया गया, जिसने अब जोर पकड़ लिया है।' शाह ने कहा कि सहकारी क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए पिछली केंद्र सरकारों द्वारा कोई विचार नहीं किया गया था। उन्होंने कहा, ''इसकी वजह यह थी कि सहकारिता के क्षेत्र के लिए देश में कोई मंत्रालय नहीं था। आजादी के 75 साल बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सहकारिता मंत्रालय की स्थापना की।'' उन्होंने कहा, ''कुछ राज्यों में इस आंदोलन ने गति पकड़ी जबकि कुछ जगहों पर यह पूरी तरह से नष्ट हो गया है। इसकी मुख्य वजह यह थी कि जो कानून समय के साथ बदलने चाहिए थे, वे नहीं हुए।' इससे पूर्व राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) ने मध्यप्रदेश राज्य सहकारी दुग्ध संघ के साथ प्रदेश में दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। सहकारिता सम्मेलन में शाह की उपस्थिति में समझौते पर हस्ताक्षर किए गए।

### शुल्क युद्ध का दीर्घकालिक योजनाओं पर असर नहीं: इंडिगो सीईओ

**मुंबई:** भारत की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो को भरोसा है कि शुल्क बढ़ोतरी से होने वाली वैश्विक घटनाओं का उसकी दीर्घकालिक योजनाओं पर कोई असर नहीं पड़ेगा। कंपनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी पीटर एल्बर्स ने पीटीआई-भाषा से बातचीत में बताया कि बड़ा घरेलू बाजार एयरलाइनों की मदद करेगा। उन्होंने कहा, हाल ही में हुई कुछ गतिविधियों से अगले साल के लिए हमारी क्षमता (विस्तार) योजनाओं में कोई बदलाव नहीं हो रहा है। हालांकि, उन्होंने कहा कि भारत जैसी बड़ी अर्थव्यवस्था शुल्क युद्ध जैसी बड़ी वैश्विक घटना से अछूती नहीं रह सकती। एल्बर्स ने कहा कि कंपनी दशक के अंत तक अपने आकार को दोगुना करने की इच्छुक है और इस पर कोई असर नहीं पड़ेगा। उन्होंने कहा कि यदि तिमाही में गिरावट या उच्च वृद्धि भी आती है तो कंपनी प्रभावित नहीं होगी।

### आयात पर निर्भरता घटाएं, हरित निर्माण, मॉड्यूलर अवसंरचना पर ध्यान दें उद्योग : गोयल




**नयी दिल्ली:** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने रविवार को निर्माण उद्योग से आयात पर निर्भरता कम करने, स्वच्छ एवं हरित निर्माण पर ध्यान केंद्रित करने तथा भूकंपरोधी एवं मॉड्यूलर अवसंरचना की दिशा में काम करने को कहा। मॉड्यूलर अवसंरचना से आशय एक ऐसे ढांचे से है जहां व्यक्तिगत कलपुर्जों और आसानी से जोड़ा और संयोजित किया जा सकता है, जिससे बड़ी प्रणालियां बनाई जा सकती हैं। गोयल ने नयी दिल्ली में रसायन एवं संबद्ध उत्पाद निर्यात संवर्धन परिषद (कैपेक्सिल) के 'वाइब्रेंट बिल्डकॉन-2025' के पहले संस्करण के उद्घाटन के दौरान कहा कि आवास, बुनियादी ढांचा, वाणिज्यिक अचल संपत्ति, रेलवे, हवाई अड्डे, राजमार्ग और ऊर्जा जैसे क्षेत्र देश की आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा, सीमेंट और इलेक्ट्रिकल्स से लेकर सुरक्षा प्रणालियों और स्वचालन तक हर तत्व इस पारिस्थितिकी तंत्र में एक भूमिका निभाता है। गोयल ने कहा कि 20 नए स्मार्ट औद्योगिक शहरों, 50 गंतव्यों में बेहतर पर्यटन बुनियादी ढांचे और 100 नए औद्योगिक 'प्लग-एंड-प्ले' (उपयोग के लिए तैयार) केंद्रों सहित सरकार की पहल से भारत को आज 4,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था से 2047 तक 30-35 हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने में मदद मिलेगी।

### चीन पर अमेरिकी सख्ती से भारतीय ई-कॉमर्स विक्रेताओं के लिए निर्यात के अवसर खुले: जीटीआरआई

**नयी दिल्ली:** चीन से कम मूल्य वाले ई-कॉमर्स आयात पर अमेरिका द्वारा सख्ती बरतने से भारतीय ऑनलाइन निर्यातकों के लिए बड़े अवसर खुल गए हैं, क्योंकि अगर लालफीताशाही कम हो जाए और सरकार समय पर समर्थन प्रदान करे तो वे इस कमी को पूरा कर सकते हैं। शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव ने रविवार को यह बात कही। जीटीआरआई ने कहा कि एक लाख से अधिक ई-कॉमर्स विक्रेताओं और पांच अरब डॉलर के मौजूदा निर्यात के साथ भारत, विशेष रूप से हस्तशिल्प, फैशन और घरेलू सामान जैसे अनुकूलित, छोटे बैच उत्पादों के क्षेत्र में चीन द्वारा छोड़े गए अंतर को भरने की अच्छी स्थिति में है। अमेरिका में दो मई से 800 डॉलर से कम कीमत वाले चीनी और हांगकांग ई-कॉमर्स निर्यात पर 120 प्रतिशत का भारी आयात शुल्क लगेगा, जिससे उनका शुल्क-मुक्त प्रवेश समाप्त हो जाएगा। इस कदम से चीनी आपूर्ति श्रृंखलाओं में व्यवधान उत्पन्न होने और अन्य देशों के लिए द्वार खुलने की उम्मीद है। चीनी फर्म शीन और टेमू इस क्षेत्र की प्रमुख कंपनी हैं। वर्ष 2024 में विश्व भर से 140 करोड़ से अधिक कम मूल्य के पैकेट अमेरिका में पहुंचे, जिनमें से अकेले चीन ने 46 अरब डॉलर मूल्य के ऐसे सामान का निर्यात किया। जीटीआरआई के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा, भारत विशेष रूप से हस्तशिल्प, फैशन और घरेलू सामान जैसे अनुकूलित, छोटे बैच के उत्पादों में चीन द्वारा छोड़े गए अंतर को सिर्फ उस स्थिति में भरने की अच्छी स्थिति में है, जब वह बैंकिंग, सीमा शुल्क और निर्यात प्रोत्साहन में बाधाओं को जल्दी से दूर कर ले। भारत की मौजूदा व्यापार प्रणाली अभी भी बड़े, पारंपरिक निर्यातकों के लिए है, न कि छोटे ऑनलाइन विक्रेताओं के लिए। उन्होंने कहा, इन ई-कॉमर्स कंपनियों के लिए, लालफीताशाही अक्सर समर्थन से ज़्यादा भारी पड़ती है।

### अमेरिकी शुल्क से उत्पन्न अनिश्चितता अल्पकालिक होगी: टीसीएस सीईओ

**मुंबई:** सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) और प्रबंध निदेशक (एमडी) के कृतिवासन का मानना है कि शुल्क कदमों से इस क्षेत्र पर पड़ने वाली अनिश्चितता 'अल्पकालिक' होगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह 'कुछ महीनों' के भीतर हल हो जाएगी। देश की सबसे बड़ी आईटी सेवा कंपनी के प्रमुख ने पीटीआई-भाषा से विशेष बातचीत में बताया कि कंपनी की 39 अरब डॉलर से अधिक की ऑर्डर बुक यह सुनिश्चित करेगी कि टीसीएस राजस्व बुकिंग जारी रखेगी। जारी सौदों को 'मजबूत' बताते हुए कृतिवासन ने कहा कि मौजूदा स्थिति में जहां कुछ ग्राहकों ने विवेकाधीन खर्च करना बंद कर दिया है, उससे मूल्य निर्धारण पर कोई दबाव नहीं पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि वास्तव में, सालाना और क्रमिक दृष्टिकोण से मूल्य निर्धारण में मामूली वृद्धि हुई है। कृतिवासन ने 30 अरब डॉलर से अधिक के राजस्व में ग्राहकों के विवेकाधीन व्यय की हिस्सेदारी का खुलासा नहीं किया।

### न्यूज अपडेट

#### भारत में अब तक 38 प्रतिशत गेहूं की कटाई हो चुकी: कृषि मंत्री

**नयी दिल्ली:** कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रविवार को कहा कि देश में अब तक 38 प्रतिशत गेहूं की कटाई हो चुकी है। उन्होंने कहा कि चालू विपणन सत्र 2025-26 में गेहूं कि कुल रकबा 3.2 करोड़ हेक्टेयर होने का अनुमान है और लगभग 38 प्रतिशत फसल की कटाई हो चुकी है। चौहान ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि विभिन्न रबी फसलों की अच्छी पैदावार की संभावना को देखते हुए बेहतर खरीद की व्यवस्था की जाए। मंत्री ने एक बयान में कहा कि उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान और बिहार जैसे प्रमुख उत्पादक राज्यों में गेहूं की कटाई की स्थिति बेहतर है। सरकार ने 2025-26 विपणन सत्र (अप्रैल-मार्च) के लिए 3.1 करोड़ टन गेहूं खरीद का लक्ष्य रखा है। गेहूं जैसी रबी फसलों के अलावा, मंत्री ने जायद फसलों की बुवाई की प्रगति का भी जायजा लिया, जो रबी और खरीफ सत्र के बीच उगाई जाती हैं। आंकड़ों के अनुसार, इस साल अब तक जायद फसलों के तहत कुल रकबा 60.22 लाख हेक्टेयर तक पहुंच गया है, जो एक साल पहले 52.40 लाख हेक्टेयर था।

#### एनटीपीसी ने नए खरीद मॉडल में वाणिज्यिक खनिकों से छह महीने में 30 लाख टन कोयला खरीदा

**नयी दिल्ली:** भारत की सबसे बड़ी बिजली उत्पादक एनटीपीसी ने कंपनी तक पहुंचाने (डोरस्टेप डिलीवरी) के नए खरीद मॉडल के तहत पिछले छह महीनों में वाणिज्यिक खनिकों से सीधे 30 लाख टन कोयला खरीदा है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि इस कदम का उद्देश्य आगामी गर्मी के मौसम में बिजली उत्पादन के लिए कोयले की उपलब्धता बढ़ाना है। इस मॉडल के तहत, नीलामी के माध्यम से चुने गए वाणिज्यिक कोयला खनिक के ऊपर कंपनी तक कोयला पहुंचाने की जिम्मेदारी होती है। इससे पहले, एनटीपीसी अपनी कोयला जरूरत का एक बड़ा हिस्सा कोल इंडिया से खरीदती थी। यह अपने खुद की निजी खदानों और आयात से भी कोयला प्राप्त करती थी। एनटीपीसी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने पीटीआई-भाषा से कहा, कंपनी ने कंपनी तक कोयला पहुंचाने के लिए एक नया खरीद मॉडल अपनाया है। कंपनी कोयला भी खरीद रही है, और 'नीलामी के माध्यम से घरेलू कोयला खरीद' के लिए एक निविदा जारी की गई है। नाम न बताने की शर्त पर उन्होंने बताया कि पिछले छह महीनों में एनटीपीसी ने कई खरीद निविदाओं के माध्यम से लगभग 30 लाख टन तापीय कोयला खरीदा है।

#### प्रस्तावित भारत-अमेरिका व्यापार समझौते में 'शून्य-पर-शून्य' शुल्क नीति की संभावना नहीं: अधिकारी

**नयी दिल्ली:** भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) के तहत 'शून्य-के-लिए-शून्य' शुल्क रणनीति की संभावना नहीं है, क्योंकि दोनों देश आर्थिक वृद्धि के अलग-अलग स्तर पर हैं। आधिकारिक सूत्रों ने यह कहा है। कुछ व्यापार विशेषज्ञों ने सुझाव दिया है कि भारत अमेरिका के जवाबी शुल्क वृद्धि से निपटने के लिए अमेरिका को 'शून्य-के-लिए-शून्य' शुल्क रणनीति का प्रस्ताव दे सकता है। एक अधिकारी ने कहा कि अमेरिका और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच शून्य-से-शून्य शुल्क संभव हो सकता है क्योंकि दोनों ही विकसित और उन्नत राष्ट्र हैं। अधिकारी ने कहा कि भारत-अमेरिका समझौता हमेशा एक 'पैकेज' समझौता होगा जिसमें सामान और गैर-शुल्क बाधाओं जैसे मुद्दे शामिल हो सकते हैं। उन्होंने कहा, ऐसा नहीं होता है कि अगर वह इलेक्ट्रॉनिक्स में 'शून्य' करेगा, तो हम भी इलेक्ट्रॉनिक्स में ऐसा करेंगे। व्यापार समझौते इस तरह नहीं होते हैं। यह एक गलत सोच है। भारत और अमेरिका मार्च से बीटीए पर बातचीत कर रहे हैं। दोनों पक्षों ने इस साल सितंबर-अक्टूबर तक समझौते के पहले चरण को पूरा करने का लक्ष्य रखा है, जिसका उद्देश्य द्विपक्षीय व्यापार को मौजूदा 191 अरब डॉलर से 2030 तक 500 अरब डॉलर तक पहुंचाना है।

वर्ष 10, पूर्णांक 4206 अंक 016, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in